

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मै परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 302, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 17 सूर्यास्त 07 :05

कानपुर, रविवार, 22 जून 2025




भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14

## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6.15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और बलविंदर सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3.03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर शोर

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग-रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा।



योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मंच पर प्राणायाम करते हुए फोटो शेयर किया है। उधर, रालोद मुखिया व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ में योग करने के बाद कहा कि अच्छा योग करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में पार्टीजनों व स्थानीय लोगों के साथ योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए। इसी के साथ सभी जिलों में सरकार के मंत्रियों ने अफसरों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ योगाभ्यास करके पसीना बहाया। इस दौरान जगह-जगह योग शिविरों में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री का विशाखापत्तनम से योग का लाइव प्रसारण और संबोधन भी सुना गया है।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

- डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश

विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।



एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

# जमीन के लिए ढाई साल के बेटे को जहर खिलाकर खुद भी खाया, मां की मौत

**संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन के हिस्से को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया। उसकी जेठानी ने निशांत को एक कमरे में रोते देखा और शिवानी को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया। ससुराल वाले दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शिवानी उर्फ राधा की मौत हो गई।

> महिला ने बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद खा लिया, जिससे उसकी मौत मौत हो गई। परिवार में जमीन का विवाद है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-विश्वजीत प्रताप सिंह,** थाना प्रभारी, मदनापुर

## आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस घटना के समय आरोपी उस जिले के पुलिस अधीक्षक थे। अदालत ने कहा कि यौन हमले की पहली घटना दीफू में एसपी के बंगले में हुई, जबकि दूसरी घटना होटल के कमरे में हुई, जहां पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

# तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)**

- पुल का स्लैब ढहने के मामले में शासन स्तर से हुई कार्रवाई
- संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट में डालने की तैयारी

**अमृत विचार :** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर यह कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था। इस मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामला शासन तक पहुंच गया। बताया जाता है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लखनऊ भी तलब किए गए। शनिवार को तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। हालांकि इस निलंबन को लेकर विभाग के अवर अभियंताओं में रोष है।

# भूमि विकास बैंक अब छह प्रतिशत ब्याज पर देगा 6 लाख तक का लोन

**राकेश शर्मा, बरेली**

- सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले-जल्द जारी होगा शासनादेश

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की ब्याज दर जल्द कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में इस बैंक की 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि इससे सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण लेने वाले हजारों किसानों को फायदा होगा।



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत में बरेली के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रहा था। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगा। साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है और देशभर में लागू कराने की तैयारी में है।

# लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन होगी बारिश

## कई जिलों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग का कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य में छिटपुट बारिश और बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है, मगर उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल दिखा। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिनों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। चेतावनी दी है कि कई जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

मानसून प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है, 24 घंटे में 19 और जिलों तक पहुंच जाएगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी इलाके में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानि 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में बिजली और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।



### चलेंगी 40-50 किमी की गति से तेज हवाएं

22 से 26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28.7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच-छह दिनों तक जारी रहेगा।

### बारिश से प्रदेश में घट गई बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून आने से बिजली की मांग में कमी आ गई है। पिछले दिनों जहां बिजली की अधिकतम मांग 31 हजार मेगावाट पार कर गई थी, वहीं अब यह घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 27,021 मेगावाट दर्ज हुई। देर शाम के वक्त औसतन मांग 27,758 मेगावाट हो रही थी। सूत्रों ने बताया कि मांग घटने के कारण एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कम हो गया है। भीषण गर्मी से बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पार कर जाने की संभावना थी, पर बारिश के कारण मांग यह आंकड़ा छू नहीं सकी।

# शहर से लेकर गांव तक हुई तन और मन की कसरत

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में शामिल हुए अधिकारी व जनप्रतिनिधि, हर रोज योग को अपनाने की दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन मैदान में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने योग व प्राणायाम किया। इसके अलावा गांव, कस्बों, नगर, विकास खंड, तहसीलों और विद्यालयों में तन व मन की कसरत की गई।

शनिवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मंत्री ने कहा कि हम सभी लोग योग संगम के लिए उपस्थित हुए हैं। पूरे देश में 1 लाख से ज्यादा ऐसे स्थान हैं, जहां पर योग हो रहा है। 11 वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र से यह प्रस्ताव रखा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस होना चाहिए इसको सभी देशों ने सहज स्वीकार भी किया। अब कई देशों में योग दिवस मनाया जाता है। सभी को नियमित योग करने की सलाह दी गई जिससे बीमारियों से मुक्ति भी मिल सके। इस मौके पर जनपद की नोडल अपर्णा यू, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एडीएम आशीष सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत , पूर्व सांसद सुब्रत पाठक मौजूद रहे।


शहर के पुलिस लाइन मैदान में योग करतीं नोडल अपर्णा यू, मंत्री असीम अरुण व डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य लोग। अमृत विचार


कार्यक्रम में पुरस्कृत होने के बाद खड़े छात्र-छात्राएं और अधिकारी। अमृत विचार

● गांव, कस्बों, नगर, विकास खंड, तहसीलों और विद्यालयों में तन व मन की कसरत

दूसरी ओर भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर में 16 जून को जनपद स्तरीय 06 प्रतियोगिताओं के प्रथम विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। एसपी विनोद कुमार, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ, बीएसए संदीप कुमार, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. देवेंद्र पटेल मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### डीपीओ योग दिवस , समाधान दिवस में नहीं दिखीं

भारत व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या नहीं दिखीं। इसके साथ ही वह डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के छिबरामऊ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भी नजर नहीं आईं। खास बात यह है कि उन्होंने अब तक चार्ज भी नहीं छोड़ा है इस वजह से चर्चाओं का दौर तेज चल रहा है।

### इस तरह हुआ योग

कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोण आसन, दंड आसन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, पूर्ण उष्ट्र आसन, शशांक आसन, वक्रासन वक्र आसन, उत्तान मंडूकासन, शव आसन, उत्तान पादासन, सेतुबंध आसन आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

### प्रतियोगिताओं में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**कन्नौज।** डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि जिला स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे, तीसरे स्थान और सांत्वना पुरस्कार पाने वाले 24 छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में श्याम लाल खंडेलवाल विशुनगढ़ की स्वेता, रंगोली प्रतियोगिता में भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर की अंजली, निबंध प्रतियोगिता में पीवी इंटर कॉलेज प्रेमपुर की आकांक्षा, भाषण में सेंट पॉल स्कूल, छिबरामऊ के आयुष्मान यादव, योगासन प्रतियोगिता में देहली कॉन्वेंट अकादमी, छिबरामऊ की नव्या व सेमिनार में हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज, छिबरामऊ की श्रद्धि राठौर को पहला पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर आए प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, अजय यादव, अमित द्विवेदी, अखिलेश वर्मा, रजनीश गौर, आर्यन सिंह, नैन्सी, अर्पित, खदीजा बानो, वैष्णवी, भोली, श्वेता, मोनी, सौभाग्या शर्मा, अन्वेषा दीक्षित, कनिश्का, दीप्ति, आरव शुक्ला, लक्षिता सिंह, जया, कार्तिकेय, आशीष, प्रज्ञा, सोनम देवी, जया द्विवेदी, देवांग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### भूमाफियाओं तथा अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ।** बीवी हलीमा की भूमि को लेकर नगर में कुछ दिनों से हड़कंप मचा हुआ है। उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वाले भू माफियाओं और बनाने वाले नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को दिए ज्ञापन में कहा गया है काजी अब्दुल कयूम जनवासी मोहल्ला बिरतिया छिबरामऊ के निवासी थे। उनकी लगभग 30 एकड़ से भी अधिक भूमि है, जिसे सन् 1923 में उन्होंने अपनी बेटी हलीमा के नाम वसीयत जिम्मेदारी देखरेख करने की की थी। सन 1947 में भारत-पाकिस्तान के विभाजन के बाद 1948 में हलीमा बीबी अपनी सारी सम्पत्ति नगर एवं छिबरामऊ देहात व जिला फर्रुखाबाद में छोड़कर पाकिस्तान चली गई। कुछ दिनों बाद नगर के भूमाफियाओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा करके फर्जी वसीयत और उनका नगरपालिका परिषद छिबरामऊ से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर बड़े पैमाने पर जमीनों की बिक्री शुरू कर दी। उक्त मामले की जानकारी होते ही मोहल्ला त्रिपाठी नगर निवासी भारतीय किसान यूनियन औनू के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं समाजसेवी ने पिछले माह की 14 तारीख को तहसील में हुए समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत की और उनकी बेशकीमती जमीन को कब्जामुक्त किए जाने एवं सारी सम्पत्ति को शत्रु सम्पत्ति घोषित किए जाने की मांग की थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को जांच के आदेश दिए गए थे। मामले में लिप्त नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

**तिर्वा।** तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर शनिवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब एक बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, थाना सौरिख के ग्राम राजपुर करना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राधेश्याम पाल (70) शनिवार को किसी कार्यवश अपनी बाइक से तिर्वा जा रहे थे। जैसे ही वह कनौली गांव के पास पहुंचे, तिर्वा से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने सामने चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की और उसी दौरान बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राधेश्याम पाल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पुत्र रजनीश पाल की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तहसीलों में शिकायतें आईं 430, समाधान हुआ 39 का

**कन्नौज।** जिले की सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के तहत समस्याएं सुनी गईं। कुल 430 मामले दर्ज किए गए जिसमें मौके पर 39 का निस्तारण किया गया। खास बात यह है कि इनमें सबसे अधिक 254 प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित आए। कन्नौज सदर तहसील सभागार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में समाधान दिवस के तहत 120 मामले पंजीकृत किए गए जिसमें 11 का निस्तारण हुआ। छिबरामऊ में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आईं 202 शिकायतों में 19 मामले निपटे। इसी तरह तिर्वा में सीडीओ राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में सुनवाई के दौरान 108 फरियादी पहुंचे जिसमें 9 निस्तारित हुए। छिबरामऊ में राजस्व के 117, कन्नौज में 67 और तिर्वा में 70 प्रकरण दर्ज हुए। अधिकारियों ने भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। यदि किसी अधिकारी /कर्मचारी द्वारा गलत तरीके से शिकायत का निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसपी विनोद कुमार मौजूद रहे।

# स्वस्थ व निरोगी जीवन के लिए जरूरी है नियमित योग

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** योग को जीवन से जोड़ा जाए। स्वस्थ्य व निरोगी जीवन के लिए नियमित योग जरूरी है। कई असाध्य रोगों का उपचार भी इससे होता है। शनिवार की सुबह स्थानीय कोतवाली, नगर पालिका परिषद, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, आकाश एजूकेशन सेंटर, एबी इंटर व डिग्री कॉलेज, नगर पालिका गुरसहायगंज, नगर पंचायत समधन में योग शिविर हुआ।

सरस्वती शिशु मंदिर में योग प्रशिक्षक शैलेष गुप्ता ने बताया कि शरीर को निरोगी और मन को प्रसन्नचित्त रखने के लिए योग आवश्यक है। योग करने से शरीर में पनप रही बीमारियों का पतन होता है। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर कोतवाल आलोक दुबे, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, इओ अनिल कुमार, प्रधानाचार्य नवीनीत सिंह, अनुराग गुप्ता, धर्मेंद्र कौशल, त्रृष्टी दीक्षित, ग्रीश भान सिंह, शिवम राज वर्मा, अमित शर्मा आदि ने योग किया। नगर पंचायत तालग्राम में चेयरमैन मोहसित उर्फ जानू खान, सभासद अतुल गुप्ता, सचिन ठाकुर, वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, हिमांशू त्रिपाठी, रवीश चंद्र, रोहित कुमार, सर्वेश कुमार, जीतू प्रजापति, सौरभ गुप्ता, सचिन चौरसिया, गोल्डी शर्मा आदि ने योगाभ्यास किया। उधर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत मेरा युवा भारत कन्नौज व सावरकर हेल्प फाउंडेशन युवा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम ऊंचा में योगाभ्यास हुआ। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने योग दिवस की उपयोगिता बताई। इस मौके पर योग प्रशिक्षक योगेश कुमार, सावरकर युवा क्लब के अध्यक्ष सचिन द्विवेदी, संदीप चतुर्वेदी, आनंद मिश्रा, अमन कुशवाहा, विशाल पाल रहे।


ग्राम ऊंचा में योग कराते योगाचार्य योगेश शर्मा। अमृत विचार


आकाश एजूकेशन सेंटर में योग करते शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

● रोज नियमानुसार योग करने से बड़ेसे बड़े असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं

### सरकारी व अर्द्धसरकारी संस्थाओं में मनाया गया योग दिवस

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक मनोज शुक्ला की देखरेख में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना। इसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट छात्रों को दिखाया गया। मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉक्टर सीपी पाल, सीएमएस डॉक्टर दिलीप सिंह ने कर्मचारियों के साथ योग किया। नगर पंचायत में अध्यक्ष मिताली गुप्ता, प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, महसौनापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने योग किया और कराया।

### पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया निरीक्षण

**छिबरामऊ।** तहसील में हुए समाधान दिवस के बाद पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की। उन्हें सुव्यवस्थित रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### युवक पर छेड़छाड़ व मारपीट का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज।** ग्राम निवासी महिला ने कहा है कि 16 जून की सुबह लगभग 08 .30 बजे वह आम के पेड़ की रखवाली कर रही थी। तभी गांव का युवक आया और गालीगलौज की। मना करने पर छेड़छाड़ की।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR


कृषि बीज भंडार पर जानकारी करते टास्क फोर्स अधिकारी आशीष कुमार, साथ में भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा। अमृत विचार

# फसलों की बढ़ोत्तरी के लिए किसानों को बांटे गए बीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कृषि निदेशालय लखनऊ से नामित टास्क फोर्स अधिकारी आशीष कुमार (डीडी कृषि रक्षा मुख्यालय) ने खरीफ अभियान के तहत जिले में आच्छादन एवं उत्पादकता में बढ़ोत्तरी को लेकर समीक्षा की। मक्का, दलहन व तिलहन फसलों में वृद्धि, कृषि निवेशों, बीज, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन, जिप्सम आदि की उपलब्धता एवं वितरण, बोआई व प्रदर्शन पर भी चर्चा की।

उन्होंने केंद्रीय बीज भंडार गुरसहायगंज व तालग्राम, राजकीय कृषि बीज भंडार गुरसहायगंज, कृषि रक्षा इकाई गुरसहायगंज का निरीक्षण किया। डीडी कृषि रक्षा मुख्यालय ने पीओएस मशीन से ताहपुर निवासी किसान फिरोजखान, मलिकपुर निवासी सत्येंद्र सिंह, ताहपुर की नवीना बेगम, मलिकपुर के रमेश चंद्र, डुडवाबुजुर्ग के शिव सिंह, भुडहा निवासी वीर सिंह को तिल बीज की मिनी किट व जिप्सम का वितरण किया। साथ ही खरीफ में प्राप्त बीज, मिनी किट, जिप्सम व पेस्टीसाइड का वितरण कर किसान अंश को जमा करने के निर्देश दिए। भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी, एडीओ कृषि रक्षा रतनेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, संतोष कुमार, शिवसिंह व शिवपाल रहे।

● कृषि निदेशालय से आए डीडी ने किया बीज भंडार व कृषि रक्षा इकाई का निरीक्षण

### डीआईओएस कार्यालय से अंक पत्रों का वितरण शुरू

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्र भी डीआईओएस कार्यालय में आ चुके हैं। उनका वितरण भी चल रहा है। बताया गया है कि करीब 325 माध्यमिक विद्यालयों के अंक पत्र आए हैं, अब तक 30 स्कूलों में पहुंच भी गए हैं। रोस्टर के मुताबिक बुलाया जा रहा है जिससे भीड़ न लग सके। अंक पत्र पहुंचने के बाद छात्र-छात्राओं को भी वितरण शुरू हो रहा है।

Admission Open
B.I.U.
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
B.I.U.
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**आज का मौसम**

रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहने की संभावना के साथ ही हल्की से लेकर मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं।

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:24 | सूर्यास्त 07:20

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### दंपति ने खाया जहरीला पदार्थ, दोनों की मौत

**तिर्वा।** संदिग्ध अवस्था में दंपति ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देखकर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कस्बे के अंबेडकरनगर निवासी अरविंद पुत्र सुरेशचंद्र की पत्नी शिवानी ने शनिवार की दोपहर में किसी बात से नाराज होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देखकर उसके पति ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। वहीं शाम करीब छः बजे पति अरविंद कुमार ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर देखकर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

### दंपति को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज।** घर की निहास में पानी भरने की शिकायत को लेकर गए दंपति को गांव के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम काजीपुर्वा निवासी सीमा देवी पत्नी दीप चन्द्र ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पड़ोसी की सबमर्सिबल का पानी उसके मकान की निहास में भर जाता है। इससे उसके मकान की दीवार बैठ गई है। शिकायत करने पर गांव के तीन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा सरकार में चल रहा ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल : अखिलेश यादव

## निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे कन्नौज सांसद व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



पत्रकारों से बात करते पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आये सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने कहा सरकार के लोग ट्रांसफर-पोस्टिंग से ही कमाने में लगे हुए हैं। कोई विभाग नहीं बचा जिसके अंदर बड़े पैमाने पर लूट न मची हो। इसी खेल में कहीं अधिकारी मंत्री लड़ रहे हैं तो कहीं मंत्री-मंत्री लड़ रहे हैं। यह खेल भाजपा सरकार में चल रहा है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव जिला मुख्यालय पर पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त मुन्ना भइया के एक शोरुम का उद्घाटन करने के लिये आये थे। उन्होंने कहा कि हम लोग स्कूल मर्जर का विरोध करेंगे। अगर ये स्कूल बच्चों के घर से दूर हुए तो वे कैसे स्कूल पहुंचेंगे। क्या सरकार उनके लिए किसी पब्लिक ट्रांसपोर्ट का भी इंतजाम करेगी? हमारी बेटियां कैसे पहुंचेंगी? उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है इसलिए स्कूलों को मर्ज करना चाहती है। आरक्षण को छीन रही है। यह सब सरकार जान बूझकर कर रही है। जिले की सड़कों का हाल खराब है। यह कभी गड्ढा मुक्त हुई नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम लोग वीडियो के माध्यम से देख रहे हैं, लोग डामर उठाकर ले जा रहे हैं। कुछ बीजेपी के लोगों को अगर नाश्ता न मिले, खाना-पीना न मिले तो वो भी सड़क उखाड़ने चल देते हैं। कन्नौज में भी कुछ ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि निकट के जिले में डीएम व सीएमओ के बीच में झगड़ा हो रहा है, उनके झगड़े में भाजपा के विधायक भी पड़ गए। इसी तरह का खेल पूरे प्रदेश में चल रहा है।

प्रदेश में बिजली का हाल खराब है। मेडिकल कॉलेज में लोग पंखा कर रहे हैं, सोचिए मरीज आईसीयू में बिना बिजली के कैसे जीवित रहेंगे। डायलिसिस के बीच में बिजली चली गई, इससे एक आदमी मर गया। अब स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर ही नहीं हो रहे हैं। वहां से अलग तरह की खबरें आ रही हैं। इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।

पीड़ित भटकता रहता है उस की एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है। कानून व्यवस्था इस सरकार में पूरी तरह खत्म हो चुका है। पुलिस पुलिस को पकड़ रही है। पुलिस वसूली करते हुए पकड़ी जा रही है। जिले में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया है। जो किया गया वह उनकी देन है। एक प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि महादानी हर्ष वर्धन व अहिल्यावाई होल्कर की मूर्ति वह लगवायेंगे। उनको कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर साइकिल खरीदने में विशेष छूट दी जायेगी। इसके बाद वे पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

## स्कूल की टूटी बाउंड्री बनवाने को डीएम से गुहार

- प्रधान, सीडीओ व बीडीओ से हो चुकी मांग, नहीं हुई सुनवाई

**तिर्वा।** प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल टूटी पड़ी है। इस कारण बच्चों को परेशानी हो रही है। इसे बनवाने के लिए प्रधानाचार्य ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है।

हसरेन विकास खंड के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवंत पुर के प्रधानाचार्य रामनिवास ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि विद्यालय की बाउंड्रीवाल टूटी है। इससे गोवंश विद्यालय परिसर में घुस आते है। पिछले सत्र में गोवंश के हमले से एक छात्र घायल हो गया था। कुत्तों के हमले से भी दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस कारण अभिवावकों ने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया।

ऐसे में विद्यालय में छात्रों की संख्या कम होती जा रही है। समस्या के निस्तारण को लेकर बीएसए, सीडीओ व बीडीओ को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। मांग की की जल्द से जल्द बाउंड्री का निर्माण कराया जाए।



लैब टेक्नीशियन से जानकारी लेते मंत्री असीम अरुण व साथ में सीएमओ डॉ .स्वदेश गुप्ता।

## सीएचसी को जल्द मिलेंगे दंत चिकित्सा उपकरण

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचकर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण किया। यहां दंत चिकित्सा उपकरण व सोलर पावर प्लांट की आवश्यकता बताए जाने पर इसको लेकर चिकित्साधीक्षक से मांग पत्र भेजने को कहा।

शनिवार को दोपहर 1 बजे सदर विधायक व मंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचे। यहां ओपीडी कक्ष, लैब, एक्स-रे कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, 50 शैया महिला विंग आदि की व्यवस्थाएं देखीं। एमओआईसी मनोज कुमार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर कराए जाने को उपकरणों की जरूरत के बारे में जानकारी दी। बताया कि सीएचसी पर सोलर पावर प्लांट व दंत चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता नहीं है। इस पर मंत्री को मांग पत्र बनाकर भेजने को कहा। इन कार्यों को अपने स्तर से करने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्वदेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता मलिक पाण्डेय, विवेक पाठक, डॉ. इसरार हुसैन, डॉ. उदयवीर प्रताप, फार्मासिस्ट सत्येंद्र यादव, शशांक कटियार, बीपीएम मयंक, सीपीएम हुकुम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बारिश के बाद चटख धूप निकली तो उमस से बेहाल हो गए लोग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- अधिकतम तापमान 36 तो न्यूनतम रहा 28 डिग्री सेल्सियस

**अमृत विचार।** दो दिन की राहत के बाद सुबह से निकली चटख धूप ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बेहाल कर दिया। बरसात के बाद कड़ी धूप से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो गई। हालत यह रही कि दोपहर के समय लोग गर्मी के कारण बाहर निकलने से बचते रहे। आर्द्रता का प्रतिशत भी बढ़ गया। इस कारण भी मौसम में बेचैनी रही। मौसम विभाग के अनुसार मानसून सक्रिय हो जाने से बारिश की स्थितियां बनी रहेंगी।

शनिवार को सुबह से ही मौसम में तल्खी रही जिस कारण दिन चढ़ते चढ़ते उमसभरी गर्मी का असर तेज हो गया जिससे लोग परेशान हो गए। हालत यह रही कि पंखे में भी लोगों को पसीना आ रहा था। तपिश के कारण बाजार व सड़क पर दिन के समय चहलपहल कम ही दिखाई दी। यह बात अलग है कि जरूरी काम से निकलने वाले सड़कों पर दिखाई दे रहे थे लेकिन वे भी किसी तरह से छांव की तलाश करते नजर आए। कूलर व एसी भी ऐसे मौसम में जवाब दे गए। बीच-बीच में बादलों की कुछ आवाजाही बारिश की उम्मीद जगाती तो दूसरे ही पल सूर्य की किरणें उम्मीद पर पानी फेर देतीं। इसी तरह से दिन गुजरने के बाद शाम ढली। इसके बाद ही बाजार में कुछ चहलपहल दिखाई दी। लोग निरंतर अच्छी बारिश की आस में आसमान ताख रहे हैं। यद्यपि गर्मी ने परेशान किया लेकिन जिन किसानों की मक्का खेत से घर नहीं पहुंच सकी थी उन्होंने फसल को सुरक्षित कर लिया। हालांकि हाईवे समेत सभी सड़कों पर भारी संख्या में किसानों ने सुखाने के लिए मक्का को फैला रखा है। बारिश हुई तो इसे बचाना मुश्किल होगा।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इस बार यह पांच दिन पहले ही सक्रिय हुआ है। इस कारण अब बादल और बारिश के हालात बने रहेंगे। शनिवार को अधिकतम तापमान 34 जबकि न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आर्द्रता का प्रतिशत 65 जबकि हवा की गति 8 किमी प्रति घंटे रही। आगामी दिनों में बादल के साथ हल्की से लेकर मध्यम बारिश की संभावना है। रविवार को भी बादल और बारिश होने के आसार हैं।

# हज के लिए हस्तलिखित पासपोर्ट नहीं माना जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2026 हज यात्रा का जुलाई में हो सकता है ऐलान
- राज्य समिति ने जारी की नई गाइड लाइन

**अमृत विचार।** अगले साल हज यात्रा के लिए गाइड लाइन जारी हो गई है। हालांकि यात्रा को लेकर अधिकारिक ऐलान जुलाई में हो सकता है। बताया गया है कि अब हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं किया जाएगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2026 में हज यात्रा के इच्छुक लोगों के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। इसको लेकर राज्य हज समिति मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस ने पत्र भी भेजा है। इसमें हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई का सर्कुलर भी लगा है। बताया गया है कि सऊदी सरकार ने प्रारंभिक व्यवस्थाओं से संबंधित पत्र जारी किया है। हज की घोषणा जुलाई में होना संभावित है। हज के लिए अब हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा। हज आवेदन के लिए पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2016 तक होना जरूरी है। जो इच्छुक आवेदक हज-2026 की यात्रा के लिए नए पासपोर्ट का आवेदन कर रहे हैं वह नुसुक पोर्टल की जरूरत के मुताबिक पासपोर्ट में सरनेम, लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ें। बताते चलें कि कन्नौज से भी हर साल कई लोग हज यात्रा करते हैं। अलग-अलग चरणों में लखनऊ से फ्लाइट से लोग रवाना होते हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



डिवाइडर पर चढ़े ट्रक को हटाती क्रेन। अमृत विचार

### चावल लदा ट्रक डिवाडर पर चढ़ा, हादसा बचा

**मानीमऊ, कन्नौज।** दिल्ली से चावल लोड कर बिहार जा रहे ट्रक के चालक को नींद आ जाने से वाहन डिवाडर पर चढ़ गया। घटना में किसी के हताहत न होने से बड़ा हादसा बच गया। नेशनल हाईवे के कर्मचारियों ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया। शनिवार सुबह साढे छः बजे एक ट्रक दिल्ली से चावल लोड कर बिहार के लिए जा रहा था। मानीमऊ गांव के सामने चालक मनोज कुमार पुत्र महावीर निवासी पंचगांव सोनीपत को नींद आ जाने से वह स्टेयरिंग से नियंत्रण खो बैठा। इससे अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी लाईन पर चला गया। गनीमत रही दूसरी तरफ से कोई वाहन नहीं आ रहा था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद पहुंचे नेशनल हाईवे के कर्मचारियों ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर रास्ता साफ कराया।



विकास भवन सभागार में शपथ दिलाते जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र। अमृत विचार

### विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**कन्नौज।** विकास भवन सभागार में राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों को बुलाकर नशा विरोधी पखवाड़ा मनाया गया। सभी को नशे से होने वाले नुकसान बताए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम में शामिल छात्रों व कर्मियों को नशा न करने और एक युद्ध नशे के विरुद्ध शपथ भी दिलाई। इस मौके पर विनीत सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव मौजूद रहे।



प्लंबरों की कार्यशाला में मौजूद डीलर ऋषि कटियार व संबोधित करते कंपनी के टेक्निकल हेड शरद यादव। अमृत विचार

### प्लंबरों को बताईं प्लंबिंग की तकनीकें

**कन्नौज।** कटियार ऑटो ट्रेडर्स के तत्वावधान में सुप्रीम पाइप कंपनी की तरफ से प्लंबरों की कार्यशाला का आयोजन एक होटल में किया गया। हाईवे स्थित होटल में शनिवार को आयोजित कार्यशाला में कंपनी के टेक्निकल हेड शरद यादव ने प्लंबरों को प्लंबिंग की तकनीक के साथ कार्य को बेहतर करने के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही कौन सा पाइप किस स्थान पर प्रयोग होता है यह भी बताया। जानकारी दी कि पहले काले रंग की टंकी का प्रयोग किया जाता था लेकिन धूप अधिक सोखने से पानी ज्यादा गर्म हो जाता था। इसलिए अब सफेद टंकी का प्रयोग किया जा रहा है। यह भी बताया कि आगे जाकर टंकियों में तांबे की भी लेयर अंदर रहेगी जिससे कि पीने का पानी और शुद्ध मिल सके। इसके अलावा अन्य जानकारियां भी दी गईं। इस मौके पर कंपनी के जिला डीलर सतीश कटियार, ऋषि कटियार, कंपनी की ओर से लव सिंह, प्रियांशु द्विवेदी आदि समेत करीब 50 प्लंबर भी मौजूद रहे।

### ट्रैक पर लेटा अधेड़, पांच मिनट रुकी रही कामाख्या एक्सप्रेस

**जसोदा, कन्नौज।** कस्बा जसोदा में रेलवे गेट संख्या 105 पर एक अधेड़ आत्महत्या के इरादे से रेलवे ट्रैक पर लेट गया। इस दौरान उदयपुर कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने वाली थी जिस कारण गेट बंद था। तभी कुछ लोगों ने ट्रैक पर अधेड़ को लेटा देखा और महिला गेटमैन सोमवती को सूचना दी। वह मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से अधेड़ को ट्रैक से हटाया। इस बीच ट्रेन आकर खड़ी हो गई। करीब पांच मिनट खड़े रहने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। अधेड़ का नाम पता नहीं मालूम हो सका।

# युवती को ले जाने आया युवक तमंचा समेत गिरफ्तार

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात एक युवक को तमंचे और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि वह किसी युवती को भगाने की मंशा से आया था।

शुक्रवार देर रात थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति के घर के बाहर एक संदिग्ध युवक हाथ में तमंचा लिए खड़ा था। उसने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अखिलेश उर्फ गोलू पुत्र केश कुमार निवासी लाला बक्स, थाना बेवर, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि यह युवक पूर्व में गांव की एक युवती को प्रेम-प्रसंग में बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, लेकिन परिजनों की आपसी सहमति से मामला शांत करा दिया गया था। शुक्रवार को युवक दोबारा उसी युवती को लेकर भागने की नीयत से गांव में घूम रहा था। समय रहते युवती के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिससे गिरफ्तार किया जा सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बैठक कर डुप्लीकेट माल की बिक्री पर जताई चिंता

संवाददाता तिर्वा



नगर के एक प्रतिष्ठान पर बैठक करते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के एक प्रतिष्ठान पर डिस्ट्रीब्यूटरों और थोक व्यापारियों की बैठक में बाजार में बढ़ रही डुप्लीकेट सामानों की बिक्री और आपसी प्रतिस्पर्धा से उत्पन्न हो रही अव्यवस्था पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने चिंता जताई कि इन गतिविधियों से न केवल उपभोक्ताओं की सेहत और विश्वास प्रभावित हो रहा है, बल्कि बाजार की साख भी दांव पर लगी हुई है।

शुक्रवार देर शाम एक प्रतिष्ठान पर हुई बैठक में डिस्ट्रीब्यूटर आकाश चौबे ने कहा कि बाजार में बड़े पैमाने पर नकली और घटिया गुणवत्ता वाला माल बेचा जा रहा है। कई थोक व्यापारी बिना बिल के माल ले रहे हैं, जिससे बाजार में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे न केवल सरकार को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि ब्रांड की छवि और उपभोक्ता अधिकार भी प्रभावित हो रहे हैं।

डिस्ट्रीब्यूटर राजेश गुप्ता उर्फ गोल्डी ने सुझाव दिया कि सभी थोक व्यापारी बिल के साथ ही माल की खरीददारी करें। बिल की अनिवार्यता से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की पुष्टि संभव होगी और उपभोक्ता भी सुरक्षित रहेंगे।

सभी व्यापारियों ने आपसी प्रतिस्पर्धा को सीमित करने और एकजुट होकर व्यापारिक अनुशासन बनाए रखने की बात कही। साथ ही नकली माल की बिक्री पर रोक लगाने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से रजनीश चौबे, अमित कुमार, सुधीर, राजू चौरसिया, मोहन, सोनू गुप्ता, दीपेश गुप्ता, पंकज सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

**बैठक** बैंकों द्वारा अधिक आवेदन रिजेक्ट किए जाने पर अनावश्यक आवेदनों को रिजेक्ट न करने की हिदायत दी गई

# युवा उद्यमी योजना के 841 आवेदन निरस्त, जिलाधिकारी नाराज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज





कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, साथ में सीडीओ रामकृपाल चौधरी व अन्य विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आवेदन 1456 के सापेक्ष 841 आवेदनो को बैंको द्वारा रिजेक्ट किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। म निर्देश दिए कि दस्तावेजों की जांच पारदर्शी और सरल होना चाहिए। साथ ही उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पंजाब ऑफ सिंड बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि बैंकों द्वारा अधिक आवेदन रिजेक्ट किए जाने पर अनावश्यक आवेदनों को रिजेक्ट न करने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी शनिवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सीएम युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं लखपति दीदी योजना के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान बैंको को निर्देश दिए कि आवेदकों से केवल आवश्यक दस्तावेज ही मांगें। अतिरिक्त दस्तावेजों के नाम पर परेशान न किया जाए। कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। पात्र युवाओं को समयबद्ध तरीके से ऋण स्वीकृत किया जाए ताकि वे शीघ्र अपने उद्यम की शुरुआत कर सकें। कहा कि सीएम युवा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अभी तक 226 लोगों को लोन वितरण एवं 296 आवेदनों को बैंको द्वारा स्वीकृति हो चुकी है। इस कार्य में और गति लाई जाए। यूपी नेडा को निर्देश दिए किप्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अभी तक सोलर रूफटॉप संयत्रों की 443 संख्या है। इस योजना में और गति लाकर लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। वेंडरों के साथ समय-समय से मीटिंग कर सभी बिन्दुओं की ब्रीफिंग करें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को सोलर पैनल लगाने के लाभ, सब्सिडी की प्रक्रिया तथा आवेदन की विधि की जानकारी दी जाए। डीएम ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम अंतर्गत कुल 105 प्रशिक्षणार्थियों (समूह सदस्य) को आर्सेटी विभिन्न ट्रेड में स्किल बेस्ड प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे स्वयं का रोजगार खड़ा कर स्वावलंबी बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, नेडा अधिकारी अनुपम राय आदि उपस्थित रहे।

# स्वस्थ तन में ही रहता स्वस्थ मन, नियमित करें योग

## 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मण्डी समिति सातनपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद


विधायक, सांसद और मंडल आयुक्त अभ्यास करते हुए। अमृत विचार


मंडी समिति में योग करते पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मण्डी समिति सातनपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। योग कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य , विधायक भोजपुर नागेन्द्र राठौर, विधायक कायमगंज सुरभि गंगवार , मंडलायुक्त कानपुर मण्डल , जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचन्द्र राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के द्वारा भगवान धन्वन्तरि एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कामन योग प्रोटोकाल का अभ्यास मास्टर ट्रेनर योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी द्वारा कराया गया है। कामन योग प्रोटोकाल के समय अधिकारी एवं विभागों के कर्मचारी / आयुष विभाग के कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी, डॉ. सर्वेश कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। योग दिवस को मण्डी समिति सातनपुर में कुल 950 प्रतिभागियों द्वारा कामन योग प्रोटोकाल का अभ्यास किया गया है। इस दौरान विशाखापत्तनम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर योग सप्ताह में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के 41विजेताओं को प्रमाणपत्र का वितरण भी किया गया।

### नियमित योग करने से मिलते हैं फायदे: मंडलायुक्त

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सातनपुर मंडी में कानपुर मंडलायुक्त विजेयेन्द्र पांडियन, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं जनपद के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि समय निकालकर नियमित योग करने से कई फायदे तो हैं ही साथ ही साथ दैनिक जीवन में निरन्तरता बनी रहती है। उन्होंने सभी को अनुशासन लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डाला

**फर्रुखाबाद।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में मनाया गया योग दिवस आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री-मन्त्र और योग शास्त्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि की योग प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक सर्वेश कुमार मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे देश के प्रधान मन्त्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69 वें सत्र को सम्बोधित करते हुए विश्व समुदाय से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आह्वान किया। योग शिक्षक मौजूद रहे। योग प्राणायाम में भस्त्रिका प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, कपालभाती, अग्निसारक्रिया, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम कराया, इसके अलावा सूक्ष्म व्यायाम में मंडूकासन, गोमुखासन, वक्रासन, मकरासन, सहित दर्जनों योग प्राणायाम सैकड़ों लोगों को कराए गए। योग के बाद लोगों ने अपने विचार भी व्यक्त किए और सभी योग प्राणायाम से जुड़ने आ आग्रह किया। कार्यक्रम में जलपान की भी व्यवस्था की गई।

# जमीन के विवाद को लेकर फायरिंग, चार हिरासत में

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी में ज़मीन के विवाद ने शनिवार सुबह हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज, मारपीट और अंत में खुलेआम फायरिंग तक की नौबत आ गई। घटना से गांव में दहशत और अफरा-तफरी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव पुठरी में देशी शराब के ठेके की जमीन को लेकर लंबे समय से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह करीब 9 बजे यह विवाद उग्र हो गया। एक ओर पुठरी निवासी विजय बाबू का पक्ष था, वहीं दूसरी ओर सुखवीर कुमार का पक्ष सामने आया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते बात गाली-गलौज और फिर मारपीट तक पहुंच गई।

मारपीट के दौरान दोनों पक्षों ने फायरिंग भी की, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हल्का प्रभारी रमाशंकर पांचाल ने बताया कि दोनों पक्षों से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जो पक्ष दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाए ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

## पूर्व सांसद को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद ।** पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को राजपाल कश्यप ने श्रद्धांजलि दी।

शनिवार को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप पूर्व एमएलसी ने फर्रुखाबाद पहुंचकर पिछले दिनों दिवंगत हुए भूतपूर्व सांसद ,विधायक स्व. छोटे सिंह यादव के पटेल पार्क पल्ला स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एंव शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया।पूर्व एमएलसी ने कहा कि छोटे सिंह सहकारिता आंदोलन के नायक रहे। उन्होंने हमेशा गरीब किसान और मजदूरों के हितों की आवाज को बुलंद किया, हम सभी समाजवादी उनके बताए रास्ते पर चलें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सपा नेता डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, सरल दुबे, नागेन्द्र शाक्य, यूनिस अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष ने की ओबीसी जाति जनगणना की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेस वार्ता करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शाकिर अली मंसूरी ने शनिवार को एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि आज सर्कुलर पार्टियां बगैर पसमांदा के सत्ता में नहीं आ सकती हैं।

उन्होंने कहां 1872 से लेकर 1941 तक गुलाम भारत में जाति आधारित आजाद भारत में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना नहीं कराई गई है जिसको दूसरी पसमांदा मुस्लिम समाज जनगणना की मांग करती है। भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति जनजाति तथा ओबीसी पिछड़े वर्ग को आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है उसको पूरा किया जाए। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान में उचित व्यवस्था की है उसे वर्तमान भाजपा सरकार ने सरकारी विभागों का निजीकरण करके आरक्षण को शून्य कर दिया है। सच्चर कमीशन की रिपोर्ट को अविलंब लागू किया जाए। उत्तर प्रदेश में एससी-एसटी की तमाम जातियां जो की सूचीबद्ध नहीं है जैसे गिहार , गिहारा,सैकलगड़, महावत, माहौर जैसी जातियों को केंद्र और प्रदेश सरकार तत्काल प्रभाव से सूचीबद्ध करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इस मौके पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शाकिर अली मंसूरी, डॉक्टर एस अकमल राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, आनंद गिहार, शमशेर खान, एडवोकेट अदनान शाकिर, मुमताज बेगम मंसूरी मौजूद रहे।

# विद्या मंदिर में जाकर प्रबुद्ध जनों ने बच्चों के साथ किया योग

संवाददाता, कालपी


विद्यालय में योगाभ्यास करते बच्चे और बड़े। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार कालपी के वंदना सभागार में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन तथा अतिथियों का परिचय विद्यालय आचार्य रमेश चंद्र प्रजापति एवं सोनाली सिंह चौहान के द्वारा कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्म जागरण प्रमुख भुवनेश , विशिष्ट अतिथि शिव सिंह राठौर( सह नगर संघ संचालक), संरक्षक सुरेश उपाध्याय,आरोग्य भारती से रविन्द्र पुरवार , विद्यालय प्रबन्धक श्री हरिभूषण सिंह चौहान उल्लेखनीय ढंग से उपस्थित रहे । योग प्रशिक्षिका योगिनी रजनी पाल के द्वारा विद्यालय सभागार में विभिन्न प्रकार के योग कराए गये । सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने योगाभ्यास किया। योग से प्राप्त होने वाले लाभों को प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह जी के द्वारा सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक हरिभूषण सिंह चौहान के द्वारा योग प्रशिक्षिका योगिनी रजनी पाल को उपहार प्रदान किया गया तथा मंचासीन उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ।योग कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी आचार्यों एवं आचार्या बहनें तथा नगर कार्यवाह प्रदीप मेहरोत्रा, नगर अध्यक्ष भाजपा सुबोध द्विवेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव पूर्व नगर अध्यक्ष अमित पांडे, भाजपा कार्यालय प्रभारी अवधेश तिवारी जी भाजपा नगर महामंत्री सत्येंद्र सिंह चौहान जी, हर्षित खन्ना जी, पूर्व सभासद राजेश द्विवेदी वरिष्ठ सपा नेता अमर सिंह चंदेल आजि मौजूद रहे।

## खड़े ट्रक में घुसी श्रद्धालुओं से भरी मैजिक, 15 घायल

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी मैजिक ग्राम नुनसाई के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में एक ही परिवार के करीब 15 लोग घायल हो गए।

झांसी जिले के पूंछ कस्बे के एक ही परिवार से दर्जनभर लोग उरई क्षेत्र के बालाजी मंदिर में दर्शन करने मैजिक से गये थे। जो शनिवार सुबह दर्शन करने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। जब श्रद्धालुओं की मैजिक गिरथान और नुनसाई के बीच से गुजर रही थी। तभी हाईवे पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रक से मैजिक पीछे ट्रक में घुस गई। इससे मैजिक के परखचे उड़ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एट पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और आठ घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# महिला की मौत पर शव छोड़ कर भागे परिजन

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** रेंढर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की सन्दिग्ध परिस्तिथियों में मौत हो गई। वहीं महिला की मौत के बाद उसके ससुरालीजन अस्पताल में ही शव छोड़कर भाग गए।

रेंढर थाना क्षेत्र के खकसीस गांव निवासी 22 वर्षीय महिला मीनाक्षी को सन्दिग्ध हालात में उसके ससुरालीजन सामुयदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जालौन ले गए। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर लगते ही ससुरालीजनों के हाथ पैर फूल गए और वह उसका शव अस्पताल में ही छोड़ कर भाग खड़े हुए। महिला की मौत की खबर लगते ही उसके मायके वाले अस्पताल पहुंच गए। जिन्होंने ससुरालियों पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगया है। वहीं पचोखरा निवासी महिला के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उसने 7 माह पूर्व अपनी बेटी का विवाह खकसीस निवासी हरि सिंह से किया था। शादी के बाद सब ठीक ठाक था लेकिन कुछ समय बाद से ससुरालियों ने दहेज की खातिर उनकी बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बाइक और रुपयों की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट भी की गई। बताया कि उन्हें यह भी नहीं पता कि उनकी बेटी को जहर देकर मारा गया या फांसी लगाकर। फिलहाल ख़बर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले को लेकर सीओ जालौन माधौगढ़ रामसिंह का कहना है कि महिला की हालत बिगड़ने पर उसकी नन्द व सास द्वारा सामुदायिक केंद्र लाया गया था। चहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आयोजन** — अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वस्थ रहने का दिया संदेश

# देश को आगे रखने के लिए तन -मन से स्वस्थ रहना जरूरी : संजय गंगवार

कार्यालय संवाददाता उरई


योग करते प्रभारी मंत्री व अन्य लोग।


सीओ के नेतृत्व में योगाभ्यास करते पुलिस के जवान । अमृत विचार

**अमृत विचार।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले की समस्त तहसील, ब्लॉक व ग्रामों में संपन्न हुआ।

योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में हुआ । यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री संजय गंगवार, सांसद नारायणदास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने योग गुरु रामप्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में योग किया।

राज्यमंत्री गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता है और संस्कृति का हिस्सा है आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग के महत्व को बताने का प्रयास किया था। जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा आज से 11 वर्ष पूर्व यूएन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलवाया गया। उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी रखना है तो समाज को स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि भारत ने योग को खोजा और आज पूरे विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास से योग दिवस मनाया जा रहा है।

**सीओ के नेतृत्व में किया योग: कालपी ।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ व थानेदारों तथा पुलिस के जवानों ने11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया ।

कोतवाली परिसर में स्थित पार्क में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, मुईद अहमद, आशीष कुमार,राम सिंह आदि के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन किये गए। उन्होंने पुलिस जवानों को नसीहत दी है कि योग करके निरोगी बने रहें। इस अवसर पर पुलिस जवान तथा कर्मचारियों के अलावा पूर्व सभासद अरविंद राठौर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


कायमगंज में एनसीसी कैडेट योग करते हुए। अमृत विचार

### कायमगंज में एनसीसी कैडेट्स ने किया योग

**कायमगंज।** कायमगंज में यूनिट 4 यू पी गर्ल्स बटालियन , एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल विजेन्द्र शारदा जी के दिशा निर्देशन में योग दिवस मनाया गया , जिसमें 50 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम आदि कराया गया। एनसीसी सह अधिकारी लेफ्टिनेंट सिल्की मिश्रा ने बताया कि हम सभी को नियमित योग करना चाहिए ताकि स्वस्थ रह सकें।

### सैमसंग इंटरनेशनल कंपनी के नाम पर दो करोड़ हड़पे

**फर्रुखाबाद।** सैमसंग इंटरनेशनल कम्पनी कर्नाटक के नाम पर दो करोड़ हड़प लिए गए हैं| मामले में कर्नाटक के दो नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है|शहर के मोहल्ला राजीव गांधी नगर निवासी अमित यादव पुत्र राजेन्द्र यादव ने सियोसी पार्क व पार्क हब्बू निवासी सैमसंग इंटरनेशनल बागमारे गोल्ड स्टोन बिल्डिंग साउथ ब्लाक आउटरिंग रोड महादेवपुर बंगलरु कर्नाटक व 10 अज्ञात निवासी बंगलुरु कर्नाटक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है| अमित ने बताया कि उसके मोबाइल पर आरोपियों ने कम्पनी की कई योजनाओं की जानकारी और संदेश भेजे| कम्पनी नें केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पत्र व एसबीआई का गारंटी घोषणा पत्र अपलोड कर रखा था| अमित यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ कम्पनी में दो करोड़ रुपये निवेश कर दिया| जो हड़प लिये गये| न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है| विवेचना निरीक्षक कामिल खान को दी गयी है।

### अनुभव सोमवंशी का कमाण्डेण्ट पद पर चयन

**फर्रुखाबाद ।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट के 2015 में पास आउट पूर्व छात्र अनुभव सोमवंशी का संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 2024 में आयोजित केन्द्रीय सैन्य पुलिस बल में आल इंडिया रैंकिंग में 135 वीं रैंक पाकर असिस्टेंट कमाण्डेण्ट के पद पर चयन होने से परिवार वालों में खुशी की लहर दौड़ गयी। अनुभव सोमवंशी ग्राम सीढ़े चकरपुर पोस्ट खण्डौली वर्तमान में नेकपुर चौरासी निवासी पूर्व सैनिक स्व. नरेन्द्र सिंह सोमवंशी के पौत्र और राकेश कुमार सिंह सोमवंशी के पुत्र हैं । अनुभव सोमवंशी ने पीसीएस की प्री- परीक्षा भी पास कर ली है। अनुभव सोमवंशी ने आर्म्ड फोर्स ज्वाइन कर अपने बाबाजी के सपनों को साकार किया है। विद्यालय के कार्य वाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने खुशी का इज़हार करते हुए बताया कि अनुभव सोमवंशी विद्यालय का होनहार छात्र था। विद्यालय परिवार को उसकी इस सफलता पर गर्व है ।

### संपूर्ण समाधान दिवस में दो का निस्तारण हुआ

**फर्रुखाबाद ।** शनिवार को सदर तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस दौरान 59 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें से दो फरियादियों की मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को दे दिया गया है साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करें इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही ना बरती जाए।

### 94 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायत,7 का निस्तारण

**अमृतपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग के 39 पुलिस विभाग से 14 विकास विभाग से 16 विद्युत विभाग से चार खाद एवं रसद विभाग से तीन अन्य 18 व कुल 94 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तेराअकबरपुर निवासी इंद्रपाल ने ग्रामीणों द्वारा किए गए चकमार्ग पर कब्जा हटवा कर मिट्टी डलवाने की मांग की। सियाराम जाटव निवासी अमृतपुर ने सरकारी नाली खुलवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। रामनिवास निवासी तेराखास ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि लेखपाल के द्वारा गलत आख्या प्रेषित की गई और बताया कि कुछ व्यक्ति गांव के बीचो-बीच शुगर का पालन कर रहे हैं जिससे बीमारियां फैल रही हैं। रामप्रकाश निवासी कछुआ गाढा.ने प्रार्थना पत्र दिया कि दबंग भू माफिया जबरदस्ती खेत जोत रहे हैं तथा लेखपाल फर्जी निस्तारण कर रहा है। मुकेश चंद्र शर्मा निवासी करनपुर दत्त ने पी0 सी0 एफ किसान सेवा केंद्र खुलवाए जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। रंजीत निवासी बिरसिंहपुर ने सार्वजनिक तालाब से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। हरिओम मिश्रा निवासी गूजरपुर पमारान ने चकमार्ग पर मिट्टी व पुन : पैमाइश को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

### आर्य कन्या पाठशाला कॉलेज की प्रबंध समिति बर्खास्त

**कालपी ।** आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज कालपी में कथित फर्जी ढंग से गठित प्रबंध समिति द्वारा किए गये घोटाले व अनियमितता के प्रमाण मिले हैं। इसके चलते उत्तर प्रदेश शासन ने वर्तमान प्रबंध समिति को बर्खास्त कर दिया है। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज डकोर के प्रधानाचार्य को कंट्रोलर के रूप में नियुक्त किया है। आर्य कन्या इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक पंडित नरेंद्र कुमार तिवारी ने शासन द्वारा प्राप्त आदेश के बारे में बताया कि आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं कन्या पाठशाला समिति में वित्तीय एवं प्रशासकीय अनियमितताओं की लिखित शिकायत उत्तर प्रदेश शासन को की थी। उक्त शिकायत पर शासन ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से तथा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से जांच कराने को कहा । उक्त जांच में उप जिलाधिकारी कालपी ने कृषि भूमि की आय 45000 रुपए प्रतिवर्ष आकलन करते हुए अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी थी। उक्त धनराशि पिछले 30 वर्षों से विद्यालय के खाते में न जमा करने के कारण यह धनराशि लाखों रुपये में हो गई थी। इसके अलावा वर्तमान प्रबंध समिति के गठन में की गई अनियमितताओ की भी शिक्षा विभाग द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराई गई। उक्त जांच में आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति की प्रबंधक प्रीति जेतली का निर्वाचन विद्यालय की प्रशासन योजना के विपरीत पाया गया। आर्यकन्या इंटर कॉलेज में शिक्षा आयोग से चयनित प्रधानाचार्य नुजहत जहां को आरोप लगाकर निलंबित करके एक ऐसी शिक्षिका को चार्ज देकर विद्यालय में तमाम प्रकार के वित्तीय घोटाले भी करने के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग ने उपरोक्त आरोपों की जांच करने के बाद शिक्षा विभाग की अधिनियम 16डी के तहत आर्य कन्या इंटर कॉलेज कालपी में तत्काल प्रभाव से साधिकार नियंत्रक नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए।

### अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का करें निस्तारण

**कालपी।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 36 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिसमें मौके पर 7 मामले निपटाये गये। इसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग के मामले शामिल हैं। तहसील सभाकक्ष में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराए जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतकर्ता से उसका पक्ष जरूर पूछें। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र कुमार,नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली,वन क्षेत्राधिकारी कालपी संजय कुमार, धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली , कदौरा, आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से भाभी की मौत, ननद भर्ती

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चक जगदेवपुर में रात सोते समय ननद व उसकी भाभी को जहरीले कीड़े ने काट लिया,जिसमें उपचार के दौरान भाभी की मौत हो गई, जबकि ननद का इलाज चल रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चक जगदेवपुर निवासी दीपक बाहर रहकर आइसक्रीम बिक्री का काम करता था। बताया गया कि घर पर उसकी पत्नी काजल 22 वर्ष व बहन दृष्टि के अलावा अन्य स्वजन रहते हैं। शुक्रवार की रात काजल व उसकी ननद दृष्टि एक ही कमरे में सो रही थी। देर रात सोते समय जहरीले कीड़े ने काजल को कंधे में व ननद दृष्टि को हाथ में काट लिया। जिससे दोनों की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर अन्य परिजन जाग गए और जानकारी होते ही वह दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां से उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां पर इलाज के दौरान शनिवार की सुबह काजल की मौत हो गई,जबकि दृष्टि की हालत में सुधार बताया जा रहा है। फिलहाल खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# योग से तन स्वस्थ व मन शांत रहता है : सरिता

## योग दिवस पर लोगों ने जगह-जगह किया योगा, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों समेत बच्चों ने लिया भाग



वन विभाग में योग करते बच्चे और साथ में वन विभाग के अधिकारी भी रहे मौजूद। अमृत विचार



योग का शुभारम्भ करते प्रशासनिक अधिकारी।



योग करते भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अन्य । अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

**अमृत विचार ।** योग दिवस के अवसर पर सुबह से ही जगह जगह योग के आयोजन किए गए थे, जहां प्रशिक्षकों की देखरेख में लोगों ने योग किया। योग में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी रहे। मुख्य कार्यक्रम नुमाइश पंडाल में हुआ। यहां पर सदर विधायक सरिता भदौरिया व नोडल अधिकारी राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी भी मौजूद रहे।

योग कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग तन को स्वस्थ और मन को शांत रखता है। आज ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**भाजपा ने इटावा क्लब में कराया योग:** जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने इटावा क्लब में योग शिविर का आयोजन किया। इस योग शिविर में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. रमाकांत शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों के संग योगाभ्यास किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह दिन योग के अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस शिविर में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, शिव किशोर धनगर, जितेंद्र गौड़, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा विनीता गुप्ता, रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, सभासद शरद वाजपेयी, पूनम पाण्डेय, सतेंद्र राजपूत, समीर सक्सेना, शरद तिवारी, नीतू नारायण मिश्रा, प्रमिला, अनुग्रह सेंगर, विवेक गुप्ता, पंकज, बासु चौधरी मौजूद रहे।

### वन विभाग ने भी कराया योग, लगाए पौधे

**इटावा।** योग दिवस पर सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला गंगा सुरक्षा समिति व जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर वन में योगाभ्यास व पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत रहे। उप प्रभागीय वन अधिकारी विमल कुमार सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने अपने विचार रखे। डॉ.मंजेश कुशवाह, रविंद्र कुमार, वन क्षेत्रीय अधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा, प्रबल प्रताप सिंह, रविंद्र मिश्रा, सुनील कुमार, अनिल चौहान, जेआरएफ डॉ. संगीता, शिवानी सिंह, ज्योति वर्मा एवं शिवांगी मौजूद रहीं।

### इटावा सफारी पार्क में हुआ योग

**इटावा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इटावा सफारी पार्क में भारतीय योग संस्थान दिल्ली की इकाई इटावा के संयुक्त तत्वावधान में निदेशक अनिल पटेल की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया। सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने अधिक से अधिक लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय योग संस्थान के योगाचार्य डॉ. श्रीकांत वर्मा ने योग से होने वाले लाभों से परिचित कराया। योग में सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जन शिक्षण संस्थान ने कराया योग

**इटावा।** जन शिक्षण संस्थान ने शहर के ब्रह्मनगर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान के निदेशक रवीन्द्र चौहान के निर्देशन में जेएस मिश्रा ने योग कराया। निदेशक रवीन्द्र चौहान ने योग की महिमा बताते हुए कहा कि योग हमारे जीवन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इंदू बाजपई, चंदन पोरवाल, सूर्य कुमार चौधरी, अमन चतुर्वेदी, यश कश्यप आदि मौजूद रहे ।

### भारत विकास परिषद ने मनाया योग दिवस

**इटावा।** यहां नारायण वैंकट हाल में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास हरी शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया। मुख्य प्रशिक्षक शिव किशोर दुबे एडवोकेट व लालजी प्रसाद दुबे ने योग कराया । इससे पूर्व क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ, प्रान्तीय अध्यक्ष इन्द्र नारायण पांडेय, हरी शंकर त्रिपाठी ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्रों का पूजन किया। सभी लोगों ने वन्दे मातरम् का गायन किया।

# अन्ना सांड़ के हमले में किसान की गई जान

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

- फसल की रखवाली करने गया था किसान, सांड़ ने बोला हमला

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के ग्राम साम्हों में शनिवार की सुबह सब्जी की फसल की रखवाली कर रहे एक किसान पर अन्ना सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और वृद्ध को अस्पताल ले गए , जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

उक्त गांव निवासी बलवीर प्रजापति 66 वर्ष पुत्र सोनेलाल प्रजापति अपने सब्जी के खेत पर रखवाली करने गये थे तभी एक अन्ना सांड़ ने हमला कर दिया। आसपास काम कर रहे लोगों ने सांड़ को भगाया लेकिन तबतक बलबीर को काफी चोटें आ गईं। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर तहसीलदार दिलीप कुमार क्षेत्रीय लेखपाल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जांच की । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है । मृतक किसान बलवीर के एक पुत्र सतीश कुमार के अलावा छह पुत्रियां हैं जिनमें दो बेटियां अभी अविवाहित है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पत्नी व बेटी की हत्या में पति को उम्र कैद

**कार्यालय संवाददाता इटावा**

- संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने सास को किया दोष मुक्त
- 28 जनवरी 2020 को पुरोवी व शालिनी के शव पड़े मिले थे

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम सुनीता शर्मा ने पांच साल पुराने दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर उसे हत्या माना। हत्या के मामले में दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया । इसके अलावा आरोपी सास को दोष मुक्त किया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 28 जनवरी 2020 को एक महिला व बच्ची के शव दिबियापुर के पास रेलवे ट्रैक के किनारे मिले थे। बाद में इनकी शिनाख्त पुरोवी गांगुली पत्नी कुंदन राय व बेटी शालिनी राय के रूप में हुई थी। अपनी ससुराल के लोगों को गुमराह करने के लिए कुंदन कानपुर से फोन कर ससुरालीजनों को पुरोवी व शालिनी के रास्ते से गायब होने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद पुरोवी गांगुली के पिता प्रदोष गांगुली ने दिबियापुर आकर अपने दामाद कुंदन राय चौधरी व उसकी मां दीपा राय चौधरी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। 27 जनवरी 2020 को पुरोवी ने अपनी बहन को बताया कि वह मगध एक्सप्रेस से कुंदन के साथ पटना आ रहे है। लेकिन 28 जनवरी को पुरोवी व शालिनी के शव पड़े मिले। पुलिस ने दहेज हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने कुंदन व दीपा राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के दौरान पता चला कि कुंदन ने पुरोवी के मोबाइल से सिम निकाल कर अपने मोबाइल में डाल लया और कॉल अपने मोबाइल में फारवर्ड कर ली थी ।

मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी के द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दहेज हत्या न मानते हुए सीधे हत्या माना । हत्या का दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने कुंदन राय चौधरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही उस पचास हजार का जुर्माना भी लगाया। वहीं साक्ष्यों के अभाव में दीपा राय को दोष मुक्त कर दिया।

# चार महिलाओं ने विषाक्त पदार्थ का किया सेवन

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर महिलाओं ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया ।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटरा शमशेर खां निवासी चांदबानो 26 ने किसी बात पर नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत रीतौर निवासी ग्वालिन 30 वर्ष ने नाराज होकर चूहे मार दवा का सेवन कर लिया। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा मंदिर निवासी अंजू 24 ने किसी बात पर नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया वहीं थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत चांदनपुर निवासी शीला 45 वर्ष विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों द्वारा चारों महिलाओं को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते कांग्रेसी नेता।

# कांग्रेस से भयभीत हो रही भाजपा

**संवाददाता बसरेहर इटावा**

**अमृत विचार ।** बसरेहर क्षेत्र के ग्राम बादरीपूठ में संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाग लिया।

इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए अजय राय ने कहा कि मथुरा में जो प्रस्तावित कॉरिडोर है उसका कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मजबूत होने से भाजपा भयभीत हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी वजेदार खान व संचालन सतीश शाक्य ने किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रमोद शंखवार, कमलेश वर्मा, ललित दुबे रहे। इस अवसर पर लगभग एक सैकड़ा लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।



# योग दिवस पर अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन शनिवार को किया गया। जिलेभर में अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने योग किया। दिबियापुर कस्बा के नारायणी मंडपम में योग दिवस का शुभारंभ राज्यसभा सांसद, अध्यक्ष नगर पंचायत, जनपद नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर योग किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस योगा दिवस के माध्यम से संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांधने का काम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि आप लोगों ने अपने कीमती समय निकाल कर यहां समय से उपस्थित हुए और योगाभ्यास किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, अध्यक्ष नगर पंचायत दिबियापुर राघव मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

बिधूना संवाददाता के अनुसार कस्बे के श्रीगजेंद्र सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज और पब्लिक डिग्री कॉलेज में विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। एसजीएस पब्लिक इंटर कॉलेज में योग प्रशिक्षक गौरव सक्सेना के मार्गदर्शन में करीब एक सैकड़ा शिक्षक और विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह समेत कई वरिष्ठ शिक्षक इस अवसर पर मौजूद रहे। डॉ. यू.पी. सिंह सेंगर ने योग के महत्व को समझाया। इस सत्र में 100 से अधिक अधिकारी, शिक्षक और छात्र शामिल हुए। दूसरे चरण में विनय आर्या ने ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में एसडीएम गरिमा सोनकिया, नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा व हरिकिशोर एवं प्रभारी रजिस्ट्रार कानूनगो रविकांत दीक्षित सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर रिया, अनु, निखिल, विमलेश, रोहित, श्रष्टि, स्वाती, शुभी पाल, श्रद्धा आदि कैडेट्स योग सत्र में मौजूद रहे। इसके अलावा नगर कार्यालय में भी चेयरमैन आदर्श कुमार मिश्रा की मौजूदगी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


फफूंद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान योग करते लोग। अमृत विचार

वहीं, रैपिड ग्लोबल स्कूल के क्रीडा स्थल में शनिवार को समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसन एवं प्राणायामों को विद्यालय में नियुक्त योग प्रशिक्षक सीतू चन्देल के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकुट सिंह शाक्य (राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि), विद्यालय के एक्जू डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, दीप्ति कमल राठौर, प्राचार्य प्रशान्त दीक्षित ने योग किया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीआरसी बिधूना व यूपीएस बिधूना में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अल्केश कुमार सकलेचा के निर्देशन व प्रधानाध्यापक संजय सेंगर के पर्यवेक्षण में केके गौतम योग शिक्षक की उपस्थिति में योगासन प्राणायाम कराया गया। इस अवसर पर ज्ञान स्थली एकेडमी में प्रधानाचार्य सजीमोन जोसेफ आई के नेतृत्व में एवं ब्राइट माइंड स्कूल में प्रधानाचार्य कल्पना वर्मा की मौजूदगी में योग शिविर का आयोजन किया गया।

- जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित कर योग की विशेषता बताई

फफूंद संवाददाता के अनुसार भाजपा मंडल फफूंद के पदाधिकारियों ने माहेश्वरी गेस्ट हाउस में योग किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा ने लोगों को योग और संगीत का महत्व समझाते हुए कहा कि यह दोनों ही साधना और तपस्या है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोविन्द मिश्रा, योगेश तिवारी, कंचन श्रीवास्तव, अनुज दुबे, मिथलेश राजपूत, सुधांशु अग्निहोत्री, रानू अग्निहोत्री, विकास पांडये आदि मौजूद रहे। इसके अलावा विकासखंड भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठीपुर मै अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम किया गया। ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय ने मौजूद जन समुदाय को विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोठीपुर के प्रधानाचार्य सुनील यादव, राकेश राजपूत, अंकिता पाल, शिव प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।


नारायणी मंडपम में योगा करते बच्चे। अमृत विचार


बिधूना में प्रमाण पत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

# बिजली कटौती से उपभोक्ता उबले, किया हंगामा

## बिहारीपुर विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर किया प्रदर्शन, बोले 15 दिनों से परेशान कर रही बिजली


उपकेंद्र के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, कंचौसी (औरैया)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली न आने से परेशान उपभोक्ताओं ने बिहारीपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया। उपकेंद्र पर कोई अधिकारी नहीं मिला तो उन्होंने जमकर हंगामा काटा।

बिहारीपुर उपकेंद्र से जुड़े कंचौसी और आसपास गांव के उपभोक्ता में बीते 15 दिनों से बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। नाराज ग्रामीणों के धैर्य का बांध शनिवार बीती रात्रि को टूटा गया। ग्रामीणों ने बिहारीपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र व उपखंड कार्यालय का घेराव किया।

उपखंड कार्यालय पर कोई अधिकारी उन्हें नहीं मिला। ऐसे में डेढ़ घंटे तक प्रतीक्षा करने के बाद नाराज ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में बीते 15 दिनों से बिजली थोड़ी हवा में फाल्ट होने के नाम कटौती कर दी जाती है। भीषण गर्मी में बिजली कभी भी काट देते हैं और ऐसा बीते 15 दिनों से चल रहा है। आरोप लगाया फोन करने पर जेई फोन नहीं उठाते हैं या स्विच ऑफ कर लेते हैं। इस समस्या से जल्द से जल्द निजात की मांग की।

इस मौके पर नंदू शर्मा, लारा गुप्ता, धीरू तिवारी, भूरे यादव, मोनू सिद्दकी, दीपक राठौर, बिल्ला कुशवाहा, निखिल चतुर्वेदी , मनीष बाथम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। एसडीओ ककोर राघवेन्द्र कुमार ने बताया ओवरलोड और फाल्ट के चलते समस्या उत्पन्न हो रही है, सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, शनिवार को असेनी पावर हाउस से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल सकी थी, रात्रि में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

# प्राथमिक विद्यालय बंद करने का विरोध

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र में शासन के आदेश पर कमारा ग्राम पंचायत में स्थित उटकपुरा प्राथमिक विद्यालय को बन्द किया जा रहा है। शासन का आदेश है जिन प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम है ऐसे विद्यालयों को बन्द करके निकटतम विद्यालय से जोड़ा जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने सरकार के इस फैसले का विरोध और नारेबाजी करते हुए पत्र लिखकर विरोध जताया है।

ग्रामीणों ने बताया कि लखनऊ में बैठक हुई थी, जिसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ, मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी औरैया के साथ अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। उक्त बैठक में ऐसे विद्यालय चिह्नित करने निर्देश दिए गए थे जहां पर्याप्त नामांकन नहीं है। ऐसे विद्यालयों को निकटतम विद्यालय के साथ मर्ज कराने का प्रस्ताव किया गया। अछल्दा ब्लाक में कुल 27 ऐसे प्राथमिक विद्यालय है जिनकी संख्या बहुत कम है ऐसे में इन विद्यालयों को निकटम प्राथमिक विद्यालय से मर्ज किया जाएगा। वहीं प्राथमिक विद्यालय मर्ज करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है अछल्दा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कमारा के उटकपुरा प्राथमिक विद्यालय के छात्रों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। शासन को विद्यालय बन्द न करने के लिए पत्र भी लिखा है। ग्रामीणों का कहना है कि निकटम प्राथमिक विद्यालय कमारा की दूरी अधिक है जिससे बच्चों को आने-जाने की समस्या होगी। बच्चों को स्कूल जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



विरोध-प्रदर्शन करते बच्चे व अभिभावक। अमृत विचार

# युवक ने रेलवे ट्रैक पर गर्दन रख की आत्महत्या

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रूट मार्ग पर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 2 पर शुक्रवार की रात 9:15 बजे डाउन लाइन पर दिल्ली से चलकर कानपुर की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 12394 सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस के रेल लाइन पर युवक ने गर्दन रखकर आत्महत्या कर मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी।

स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ मनीष तिवारी और अजय सिंह चौहान ने रेलकर्मियों की मदद रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को हटवाते हुए, रेलवे ट्रैक को क्लीयर किया। उसके पीछे से आरही ट्रेनों को निकाला गया। वहीं, घटना की सूचना जीआरपी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद फोर्स के साथ पहुंचकर ट्रैक पर पड़े हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष दाए हाथ में तेजपाल शर्मा लिखा है सुआपंखी टीशर्ट, सलेटी पेंट, नीली बेल्ट, कपड़ो की तलाशीं लेने पर अछल्दा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र का पर्चा और दवाई मिली है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# ऑटो और ई-रिक्शा की टक्कर, 6 लोग घायल

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- घायलों में तीन बच्चे भी, दो की हालत गंभीर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक ऑटो और ई-रिक्शा की टक्कर में तीन बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। हादसा बिधूना-अछल्दा मार्ग पर पसुआ गांव के पास स्थित दूध डेयरी के समीप रात करीब 9 बजे हुआ।

घायलों में सराय महाजनान निवासी रामबिलास (48), उनकी पत्नी मिथलेश कुमारी (45), उनके नाती पीयूष (12), आयुष (10), नातिन गौरी (8) और गुरुगुंदा गांव निवासी रामकेश शामिल हैं। सभी लोग हरदोई सड़ीला से एक भगत के यहां से लौटकर बिधूना पहुंचे थे। जहां पर चौराहे से ऑटो पर सवार होकर गांव जा रहे थे।

उनका ऑटो रात करीब 9 बजे बिधूना अछल्दा मार्ग पर पसुआ गांव के सामने दूध डेयरी के सामने पहुंचा था कि तभी आगे चल रहे ई-रिक्शा से ऑटो की भिड़ंत हो गयी। जिससे ऑटो सवार सभी छह सवारियां घायल हो गयीं। वहीं हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बिधूना पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद रामबिलास और रामकेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सैफई रेफर कर दिया। अन्य घायलों को मामूली चोटें आने पर घर भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। घायलों का कहना है कि सड़क पर बारिश का पानी होने के कारण ऑटो के ब्रेक नहीं लगे, जिससे यह हादसा हुआ।

# शिवम महाराज का नगर में स्वागत

**औरैया।** श्री पीतांबरेश्वर सरकार धाम के पीठाधीश्वर ऋषिवर शिवम महाराज का जब अपने गृह नगर औरैया में आगमन हुआ, तो नगरवासियों ने ऐतिहासिक उत्साह और श्रद्धा के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वागत यात्रा मंडी गेट से प्रारंभ होकर जेसीज चौराहा, ब्लॉक गेट, संजय गेट, कानपुर चौराहा और तहसील चौराहा तक नगर भ्रमण करती रही। जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा, बैंड बाजों, शंखध्वनि और भगवा पताकाओं से वातावरण गूंज उठा। स्थानीय मंगलम गेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में सैकड़ों श्रद्धालु, साधु-संत, समाजसेवी एवं नगर जन उपस्थित रहे। आज के युवाओं को चाहिए कि वे अपने महान संस्कृति को जानें, समझें और आगे बढ़ाएं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने महाराज का पगड़ी, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया। उन्होंने कहा कि महाराज का औरैया जैसे छोटे नगर से निकलकर अखिल भारतीय धर्मपरंपरा में इतना उच्च स्थान पाना हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम में संकीर्तन, भजन, साधु-संतों के मार्गदर्शन और महाप्रसाद वितरण जैसे दिव्य आयोजन भी हुए। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद विश्नोई, अंकुम सिंह चौहान, अजय आनंद चौधरी, मनीष श्रीवास्तव, ऋषभ शुक्ला, शशांक पुरवार, आचार्य अंकित शुक्ला, संजीव पोरवाल आदि मौजूद रहे।


महाराज का स्वागत करते लोग।

- मंडी गेट से तहसील चौराहा तक निकाली गई यात्रा

# संजीव निरंजन ने संभाला एसडीओ का पद भार

**अछल्दा, औरैया।** उपकेन्द्र में कार्यरत एसडीओ मनोज महाजन (सब डिविजनल ऑफिसर) का इटावा स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर एसडीओ संजीव निरंजन ने शनिवार को चार्ज संभाल लिया। मनोज महाजन के विदाई के दौरान विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया जा रहा है कि विभागीय आदेश के तहत उनका स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरित एसडीओ मनोज महाजन ने अछल्दा में अपने कार्यकाल के दौरान कई विकास कार्यों व तकनीकी सुधारों को गति दी।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव मां ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सामपुर में युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मृतक की मां ने उसके पुत्र की हत्या कर शव लटकाने की बात कही है।

सामपुर गांव में धर्मेन्द्र सिंह (28) का शव उनके घर से एक किलोमीटर दूर प्रकाश के खेत में स्थित गूलर के पेड़ पर गमछे से लटका मिला। धर्मेन्द्र शुक्रवार रात करीब 9 बजे घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो उनकी मां ने पड़ोसियों के साथ खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे खेतों की ओर जा रहे किसानों ने गूलर के पेड़ पर शव लटका देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचित किया। मृतक के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। धर्मेन्द्र अपनी दिव्यांग मां रामबेटी का एकलौता बेटा था और उसके कोई भाई-बहन नहीं थे। मां रामबेटी ने परिवार के दो सदस्यों पर विवाद के चलते हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार कर विधिक कार्रवाई की।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं हिमांशी मिश्रा पुत्री विनोद कुमार मिश्रा नि- फैजुल्लागंज, लखनऊ, मेरी उ.प्र. बोर्ड का अंकपत्र क्रम संख्या 1173924 वर्ष 2017 जो कि कहीं खो गया है।यदि किसी को मिले तो इस मोबाइल पर संपर्क करें- 9450395629

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1307881 व इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0892765 रेडियोग्राफर 2017 अनुक्रमांक 164625347 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **ब्रजेन्द सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत पिपरावां पोस्ट-मल्लावां हरदोई।**

**सूचना**

मैं **त्रिभुवन वर्मा पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बीबीपुर थाना कोतवाली नगर पोस्ट मटिया तहसील सदर जनपद रायबरेली** बयान करता हूं कि मैने अपने पुत्र हिमांशु पटेल और उसकी पत्नी प्रिया के आचरण से परेशान होकर स्वयं और परिवार से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों, लेनदेन के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे। उनका मेरे व परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

पासपोर्ट संख्या H8782110 पर मेरा नाम मोहम्मद इरशाद खान पुत्र मोहम्मद अरशद खान अंकित है। जबकि सही नाम मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी 52 किशनपुर राय, नजदीक मस्जिद, अहियापुर रायबरेली**

**सूचना**

मेरा आधार संख्या 246047188693 जिस पर मेरा नाम सतीश अंकित है, किंतु कुछ प्रपत्रों में मेरा नाम सतीश गेरा है। सतीश व सतीश गेरा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना वह पहचान जाए। **सतीश पुत्र मदन लाल निवासी- प्लाट नंबर 109 रतनलाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर।**

**सूचना**

मेरा पुत्र वीरेंद्र व उसकी पत्नी सुनीता का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **विजय शंकर पुत्र मुल्ला ग्राम- ढिकिया, तहसील मैथा, जिला कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे वोटर आईडी कार्ड, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड में मेरा नाम सुनीता पत्नी मुरली निवासी चमरपुरवा इमलिया अंकित है, जबकि आधार में त्रुटिवश सरिता पत्नी मुरली अंकित है जो गलत है। अतः आधार कार्ड में सरिता के स्थान पर सुनीता अंकित किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रूपरानी पुत्री स्व0 बुद्धा निवासिनी- मकान नं0 -485/ 36ख, लकड़मण्डी मोहन मेकिन रोड डालीगंज, थाना- हसनगंज, लखनऊ,** मैने अपने छोटे भाई पुत्ती लाल (आधार नं0-2033 4347 7420 मोबाईल नम्बर- 6307639135) व उनकी पत्नी अर्चना से मेरा कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। यदि कोई भी कृत्य, कार्य या कर्जा आदि का लेन-देन या कोई भी अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य मेरे भाई व उनकी पत्नी द्वारा किया जाता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरा इनके द्वारा किये गये कार्य से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध नहीं है। हमारा बटवारा हो चुका है तथा मेरे भाई अपने परिवार के साथ अलग रहते है। मैं अपने परिवार के साथ अलग रहती हूं। हम दोनों का सम्बन्ध विच्छेद हो चुका है।

संपूर्ण समाधान दिवस

डीएम ने दिए निर्देश, अनियमितता न बरतते हुए समय से करें निस्तारण

# साहब ! मैं जिंदा हूं, भाई ने मृत दिखा अपने नाम करा ली जमीन

कार्यालय संवाददाता,औरैया/ बिधूना

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान का आयोजन शनिवार को सदर तहसील में किया गया। डीएम व एसपी ने दूर- दराज से आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाले शिकायती मामलों का अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित पक्षों को सुनते हुए नियमानुसार निष्पक्ष होकर संतुष्टि पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। मामलों के निस्तारण में अनियमितता न बरतते हुए निष्पक्ष होकर समयबद्धता के साथ संतुष्टि पूर्ण निस्तारण करें साथ ही निस्तारण प्रक्रिया के दौरान किए गए स्थलीय निरीक्षण, पक्षों के संवाद आदि प्रक्रियाओं की फोटो ग्राफी व वीडियो ग्राफी संरक्षित करें, जिससे किसी को शिकायत का अवसर न मिले।


फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी ।

वहीं, बिधूना में तहसील दिवस के दौरान बोंडेपुर थाना अछल्दा निवासी रामचन्द्र पुत्र छक्की लाल पहुंचा वहां उसने कहा साहब मैं जिंदा हूं,जेल में रहने के दौरान भाई ने कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर मृतक दर्शाकर हिस्से की जमीन अपने नाम करा ली है। उसने भाई बाबूराम और भतीजे बेद प्रकाश पर आरोप लगाए तो सभी दंग रह गए। पीड़ित रामचन्द्र ने कहा कि एक मामले में वह दस वर्ष तक जेल में रहा। जब रिहा होकर घर आया तो पता चला कि उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन उसके भाई ने अपने नाम करा ली है। उच्च अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए।

वहीं औरैया तहसील में पीड़ित रामदास पुत्र नाथूराम निवासी भीखमपुर ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कृषि भूमि गाटा संख्या 114 पर प्रार्थी का 12 डेसिमिल रकबा है जिसको पड़ोसी काश्तकार बुद्ध सिंह पुत्र शिवराम सिंह व संजू पुत्र शिवराम सिंह आदि ने अपनी गाटा संख्या 115 में मिला लिया है। जबकि पूर्व में कानूनगो द्वारा खूंटी निशान देही लगाई गई थी, जिसे आरोपियों द्वारा उखड़ाकर फेंक दिया गया था। वह अपनी 12 डिसमिल भूमि पर कब्जा नहीं कर पा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने राजस्व निरीक्षक औरैया को निर्देश दिए कि कल ही पुलिस बल के साथ जाकर मामले का निष्पक्षता पूर्ण निस्तारण कराएं।

इरफान पुत्र शमशाद निवासी सैनिक कॉलोनी औरैया ने बताया कि तीन माह पूर्व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए जिला उद्योग केंद्र में आवेदन किया था। जिसके लिए वह लगातार चक्कर लगा रहा है, परंतु कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है कृपया ऋण दिलाने का कष्ट करें। जिससे उसकी अपनी जीविका के लिए कोई कार्य कर सके। जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त जिला उद्योग अधिकारी को निर्देश दिए कि पत्रावली की जांच कर तीन दिन में निस्तारण करायें। वहीं, एसपी अभिजीत आर शंकर ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें। । जिसमें से 06 प्रार्थना पत्रों का विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित निस्तारण कराया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर आगामी सितंबर माह में जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों की होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गयी है, शुल्क जमा न होने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्देश उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आगामी सितंबर माह में आयोजित होंगी। साथ ही सचिव ने बताया कि शुल्क यदि एनईएफटी व आरटीजीएस चालान के माध्यम से जमा करना हो तो 15 जुलाई शाम पांच बजे तक चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

### अगले वर्ष की काउंसिलिंग से 12 छात्र प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी काउंसिलिंग 2024-25 में स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी, साथ ही आगामी नीट पीजी 2025-26 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले नौ अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए दिए हैं। साथ ही दंत संकाय में दाखिला न लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की भी सूची प्रकाशित कर अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

### एमबीबीएस डॉक्टरों को सीएमओ के पास देनी होगी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार,लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अनिवार्य सेवा बांड के तहत नियुक्ति पाने वाले नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां ज्वाइनिंग देनी होगी। अन्य सभी को चिकित्सा संस्थान व संबंधित मेडिकल कॉलेज में समस्त प्रपत्रों के साथ ज्वाइनिंग देनी होगी। उक्त निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत सभी को काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए तैनात किया गया है।

# योग के जरिए गंभीर रोगों से मुक्ति संभव : राज्यपाल

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : राजभवन में राज्यपाल समेत एक हजार लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत एक हजार लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में विशाखापतनम में हुए योग समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग के माध्यम से गंभीर रोगों से मुक्ति संभव है।



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

सुबह 6 बजे से राजभवन के बड़े लॉन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वयं योग साधकों के साथ प्रतिभाग किया और योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है।

कार्यक्रम में आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह आदि शामिल हुए।

### योग अब वैश्विक चेतना का हिस्सा : दयाशंकर

**अमृत विचार :** आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भारत की सनातन विद्या, परंपरा और विरासत को सम्पूर्ण विश्व ने सहर्ष स्वीकार किया है। योग अब केवल भारत की पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुका है। योग को शरीर और आत्मा के मध्य सेतु बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है।

### योग स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग : जयवीर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को प्रातः आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने सभी से नियमित योग करने का सुझाव दिया।



लखनऊ के कैंट क्षेत्र में आयोजित योग शिविर में शामिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार



आगरा में सामूहिक योगाभ्यास करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

# विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति न बने पढ़ाई में बाधा : मुख्यमंत्री

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की समीक्षा बैठक में कहा कि संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए।



गोरखपुर में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का वाहक बनाएं। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए, ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

### श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर में लंबित मामले अधिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग ने 1 जनवरी 2025 से 10 जून 2025 की अवधि में डीएल नवीनीकरण आवेदनों की समीक्षा की। कुल 4,05,661 आवेदन में से 4,02,524 (99.23 फीसदी) का समयबद्ध निस्तारण हुआ। हालांकि श्रावस्ती, गोंडा और बलरामपुर जैसे जिलों में लंबित मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक रही है। परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि श्रावस्ती में 5.67 फीसदी (547 में 31 आवेदन), गोंडा में 5.37 फीसदी (2,921 में 157 आवेदन) और बलरामपुर में 4.85 फीसदी (1,299 में 63 आवेदन) लंबित रहे।

# केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग कर रहे लोकतंत्र को कमजोरः कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव से संबंधित वीडियो फुटेज और रिकॉर्डिंग को 45 दिन में डिलीट करने के निर्देश पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार व भारत निर्वाचन आयोग दोनों मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएन शेषन के समय में निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की निष्पक्षता व पारदर्शिता का प्रतीक था, पर आज सवालों के घेरे में है। निर्वाचन आयोग की ओर से हाल ही में चुनाव से संबंधित वीडियो, फुटेज और रिकॉर्डिंग को एक साल की बजाय महज 45 दिन में डिलीट करने का निर्देश दिया गया। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर बड़ा हमला है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने बार-बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में पारदर्शिता की कमी और संदिग्ध अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र में 2 घंटे में 65 लाख वोट डालने का दावा शारीरिक रूप से असंभव है। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने न केवल इन सवालों का संतोषजनक जवाब देना जरूरी नहीं समझा, बल्कि अब सबूतों को ही मिटाने की जल्दबाजी दिखा रहा है।

**कांग्रेस में शामिल :** सामाजिक कार्यकर्ता नवाब सलीम खान व मोहम्मद नासिर खान शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस नेता एफएएस चर्चिल के नेतृत्व में दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सलाहकार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ग्रांट थॉर्नटन कंपनी पूर्व में दे चुकी है गलत रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ब्रिटेन की निजी कंपनी ग्रांट थॉर्नटन चर्चित विजय माल्या की किंग फिशर पर गलत रिपोर्ट दे चुकी है। राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में वित्तीय खामियों के बाद सलाहकार कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच, बताया जा रहा है कि नियामक आयोग सरकार को जल्द ही वृहद रिपोर्ट पेश करेगा।

निजी कंपनी के मसौदे में खामियां बताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विवादित सलाहकार कंपनी ने विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कंपनी का मूल्यांकन बढ़ा-चढ़ाकर 3406 करोड़ बताया था, जबकि ब्रांड फाइनेंस ने इसका सही मूल्यांकन 1911 करोड़ किया था। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने उन वरिष्ठ अधिकारियों को चिन्हित किया जाय, जिनके जरिये देश के निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्ति को कम आकलित किया गया और टेंडर के मसौदे पर नियामक आयोग से सहमति लेने की कोशिश की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

### सलाहकार कंपनी ने कम आंका ऊर्जा निगमों की संपत्ति को

**अमृत विचार :** उपभोक्ता परिषद का कहना है कि निजी सलाहकार कंपनी के जरिये पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की संपत्ति को कम आंका गया है। निगमों का इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। सलाहकार कंपनी ने इक्विटी कैपिटल शेयर के आधार पर ज्यादातर इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में कन्वर्ट कर मात्र 6000 से 7000 करोड़ की इक्विटी को आधार बनाया और प्रस्तावित पांच नई बिजली कंपनियों की अधिकतम रिजर्व विद प्राइस लागत 1300 से अधिकतम 1600 करोड़ बताया। इक्विटी के आधार पर इसका मूल्यांकन निकाला जाय तो कम से कम एक-एक नई बिजली कंपनी की रिजर्व विद प्राइस 3500 से 4000 करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए। निगमों की जमीन की कीमत कई अरब है। दोनों बिजली कंपनियों की एक लाख करोड़ से ज्यादा की कुल सम्पत्ति है।

# थाने के सामने हो रही हत्या : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं। गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गए व्यक्ति की हत्या हो गयी। महिलाएं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस वसूली करते पकड़ी जा रही है। हर जिले से वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश के टॉप-टेन माफिया की सूची तो जारी नहीं की। कम से कम इन्हें जिलों के ही टॉप-टेन माफिया की सूची जारी कर देनी चाहिए।

### वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े 17,557 कार्य पूरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में योगी सरकार ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन 2025' के तहत उपलब्धियां दर्ज की हैं। 22 मार्च से 13 जून 2025 के बीच कुल 17,557 जल-संरक्षण कार्य या तो पूर्ण हो चुके हैं या प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से जन-जागरूकता का पर्याय बन गया है।

### 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार गोरखपुर सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है।

# औद्योगिक भूखंड आवंटन की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन से धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान मंजूर
- शुरुआती चरण में दो सेक्टर में लगेंगे उद्योग, अडानी ग्रुप ने भी मांगी है जमीन

**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की कनेक्टिविटी होते ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होने वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। इस बीच शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

बीते 8 साल में योगी सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों, प्रोत्साहन और लगातार सुदृढ़ हुई रोड कनेक्टिविटी से गोरखपुर निवेशकों को खासा पसंद आया है। धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों को भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और अब तक 600 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गेम चेंजर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के नजदीक होने के चलते इंडस्ट्रियल टाउनशिप निवेशकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। अडानी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखी है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है। यही नहीं सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि जल्द ही यहां औद्योगिक भूखंडों का आवंटन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक शुरुआती दौर में दो औद्योगिक सेक्टर्स में जमीनों का आवंटन किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया साथ-साथ चलती रहेगी।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2.1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3.1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4.1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8.1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9.1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4.1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5.1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7.1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | ■ | ■ | 2 | |
| ■ | 3 | | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 4 | | | | 5 | | |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| 8 | | | ■ | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -8 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 जा | ■ |
| ■ | 2 दि | ■ | 3 अं | ज | न | क |
| ■ | 4 वां | टे | ड | ■ | का | ■ |
| 5 पो | ध | ■ | बं | ■ | री | ■ |
| ■ | ■ | 6 कं | ड | रा | ■ | 7 सो |
| 8 मू | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ह |
| ढ़ी | ■ | ली | ■ | 9 बु | न | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।


नक्षत्र-भरणी 05.38 तक तत्पश्चात कृतिका।


मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।


वृष

आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।


मिथुन

आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।


कर्क

आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।


सिंह


आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।


कन्या

आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।


तुला

आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।


वृश्चिक

आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।


धनु

आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।


मकर

आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।


कुंभ

आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।


मीन

आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

# आनंद का विज्ञान है योग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देतीं। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनक्सिमेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है- "ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। ऋतम्भरा भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संज्ञितम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य है। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामों है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य



डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट



डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते



पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है- जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।





हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### आज सुबह 10 बजे से चार घंटे नहीं रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** सुमेरपुर से आई 33 केवी लाइन हल्की हवा में पेड़ों के टकराने से शहर की बिजली गुल हो जाती है। एसडीओ मो.शहजाद खान ने बताया कि पेड़ों की कटाई के लिए रविवार को प्रातः 10 से दोपहर दो बजे तक हमीरपुर शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### शराबी के खिलाफ रिपोर्ट

**बिवांर।** क्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी मनोज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शराब के नशे में तलैया में गिरे रिंकू सिंह को बाहर निकाला तो अभद्रता करने लगा। वह घर पहुंचा लाठी लेकर दरवाजे आकर हमला कर दिया। पड़ोसियों के आने पर धमकी देते हुए भाग गया।

### मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी लल्लू प्रसाद पुत्र रामदास धुरिया को पुरानी रंजीत के चलते गांव के अजीत पुत्र अवध नरेश व कुशाल सिंह पुत्र राज किशोर ने लाठी-डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया था। लल्लू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसआई अंकित बैसला ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### पति के खिलाफ रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग निवासी अंजली सिंह गौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी नवंबर 2024 में इटावा के बढ़पुरा थाना क्षेत्र के भवारी निवासी शेखर सिंह भदौरिया के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति उसे प्रताड़ित कर रहा था। वह मायके आ गई तो फोन से गालीगलौज और भद्दे मैसेज भेजने लगा। 16 जून को फर्जी आईडी बनाकर पूरे परिवार की फोटो पोस्ट कर बंढंगे आरोप लगाए गए हैं।

### नल की टोंटी ठीक करने पर बड़े भाई ने डंडे से पीटा

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के कपसा गांव के प्यारेलाल ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह वह दरवाजे के पास लगे नल की टोंटी ठीक कर रहा था। बड़ा भाई रामसहाय उर्फ बड़े भैया ने विरोध करते हुए डंडे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगा दी तहरीर

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 19 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बेटे हैं। बड़े पुत्र की उम्र 16 वर्ष और छोटे की उम्र 13 वर्ष है। पति ने बीते 11 मई को कानपुर में हुए सामूहिक विवाह समारोह में दूसरी महिला से शादी कर ली है। शादी करने के बाद मारपीट करने का आरोप लगाया है। ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका ससुर सेवानिवृत्ति सिपाही है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि जांच के लिए पुलिस गांव गई थी, लेकिन पीड़ित महिला एवं आरोपी पति गांव में नहीं मिले हैं। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

### चार युवकों ने दुकानदार को बेरहमी से पीटा

**राठ।** जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड के निवासी मुकेश सैनी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम करीब 7 बजे गोहांड तिगैला में स्थित अपनी दुकान पर बैठा था, तभी गोहांड कस्बा निवासी अखिलेश और पवन के अलावा दो अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आकर उसे गालियां देने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो सभी चारों व्यक्तियों ने उसकी जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों युवकों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 48 घंटे के लिए फिर बंद किया गया यमुना पुल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पुल में बेयरिंग की मरम्मत के लिए ब्लॉक किया गया यमुना पुल। अमृत विचार


काम शुरू होने से पहले पुल पर गुजरते रहे इक्का-दुक्का लोग। अमृत विचार

- बेयरिंग मरम्मत के लिए कल सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे में मुख्यालय में बने यमुना नदी के जर्जर हो चुके पुल की शनिवार की सुबह से वेयरिंग बदलने का दूसरे दौर काम शुरू हो गया। जो लगातार 48 घंटे तक चलेगा। जिसके चलते पुल से सभी तरह के वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। दोनों तरफ से हाईवे को ब्लॉक कर दिया गया है। काम शुरू होने तक लोग पैदल आते-जाते रहे, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ लोगों की पैदल आवाजाही को भी रोक दिया गया। 48 घंटे बाद सोमवार से ही पुल से वाहनों का आवागमन शुरू होगा।

बीते वर्ष अगस्त महीने में सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) की टीम ने यमुना पुल की जांच की थी। जांच रिपोर्ट बीते माह पेश की गई, जिसमें यमुना पुल की हालत को चिंताजनक बताते हुए तत्काल रिपेयरिंग की सिफारिश की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक पुल की कोठियों की वेयरिंग खराब हैं। वाहनों की निकासी के दौरान सामान्य से अधिक कंपन्न है और स्लैब के नीचे दरारे हैं। इस रिपोर्ट के बाद एनएचएआई और हाईवे का रखरखाव करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी की बैठके हुई और फिर पुल की मरम्मत की योजना बनाई गई। मरम्मत कार्य का ठेका गुजरात के वड़ोदरा की शिवम कंक्रीट टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी प्राइवेट लि. कंपनी को दिया गया। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक कर पुल निर्माण की तारीखें तय की गई। जिसमें 14 जून को से लेकर 21 जुलाई तक लगभग डेढ़ माह की अवधि में शनिवार रविवार को पुल की कुल छह कोठियों की वेयरिंग बदलने का कार्य का प्रस्ताव रखा गया। जिसके बाद प्रशासन ने पुल को पूर्णतया बंद कर कार्य करने की अनुमति प्रदान कर दी थी। बीते 14 व 15 जून को पुल से आवागमन बंद कर पुल मरम्मत का कार्य किया गया था। दूसरे दौर के तहत फिर से शनिवार को सुबह 6 बजे पुल ब्लॉक कर मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। जो सोमवार की सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा।

### इस बार नाव से यमुना पार करने पर लगाई गई पाबंदी

इस बार लोग नाव के सहारे यमुना नदी नहीं पार कर सके। प्रशासन ने पहले ही पुलिस बल तैनात कर दिया था। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने निर्देश दिए हैं कि नाव से यमुना नदी पार कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पिछली 14 और 15 जून को पुल बंद होने के दौरान नाविकों ने खूब कमाई की थी। दो नावें पलट भी गई थीं। इसी के मद्देनजर प्रशासन ने इस बार नाव से नदी पार करने पर रोक लगा दी है।

# भाभी की हत्या में देवर को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- वर्ष 2018 में लहरा गांव में हुई थी हत्या, सास-ससुर बरी हुए

**अमृत विचार।** करीब आठ साल पुराने भाभी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी देवर को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह द्वितीय की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माने भी लगाया है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में मृतका के सास ससुर को दोषमुक्त कर रिहा कर दिया गया।

एडीजीसी चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी विश्वनाथ सिंह ने अपनी पुत्री पूजा की शादी 2013 में थाना कुरारा के लहरा गांव के सचिन प्रताप सिंह उर्फ शनि से की थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा पूजा का उत्पीड़न किया जा रहा था। आए दिन मारपीट की जाती थी। 13 फरवरी 2018 की शाम पूजा की उसी के सगे देवर शेखर सिंह ने तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। इस प्रकरण में मृतका के पिता ने देवर शेखर सिंह, ससुर रणजीत सिंह और सास कमलेश के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने दोष सिद्ध होने पर देवर शेखर सिंह को आजीवन कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वर्तमान समय में आरोपी शेखर सिंह जेल में निरुद्ध है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में मृतका के सास ससुर को दोषमुक्त कर रिहा कर दिया गया।

# 77 हजार रिश्वत लेते स्टांप लिपिक का वीडियो वायरल

## सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद स्टांप पटल से हटाया गया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जांच पूरी होने तक संयुक्त कार्यालय में हुआ संबद्ध
- मामला सामने आने के बाद कलेक्ट्रेट में मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में तैनात स्टांप लिपिक का 77 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल होते ही कलेक्ट्रेट में हड़कंप मचा है। डीएम ने जांच पूरी होने तक स्टांप लिपिक को पटल से हटाकर संयुक्त कार्यालय में संबद्ध कर दिया है। जांच कमेटी में प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

कलेक्ट्रेट में आशुलिपिक गौरव शर्मा कई साल से स्टांप पटल का काम देख रहे हैं। शुरू में गौरव शर्मा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के कार्यालय में तैनात थे। फिर अपर जिलाधिकारी (वित्त) के स्टेनो पद पर उनकी तैनाती की गई। मौजूदा समय में स्टांप पटल का काम दे रहे थे। शनिवार को गौरव शर्मा का 77 हजार रुपये रिश्वत लेते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कलेक्ट्रेट में रिश्वतखोरी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही प्रशासनिक अफसर सकते में आ गए। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जांच पूरी होने तक आरोपी स्टांप लिपिक गौरव शर्मा को फौरन स्टांप पटल से हटाकर संयुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। जिलाधिकारी ने इस मामले की गहराई से जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है।

### जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच सौंपी

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने स्टांप लिपिक के रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल होने के बाद जांच के आदेश दे दिए हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त) विजय शंकर तिवारी ने बताया कि जांच कमेटी में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को नामित किया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होगी। फिलहाल स्टांप लिपिक को पटल से हटा दिया गया है।

### लिपिक बोला, मजदूरों का कर रहा था हिसाब

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अपनी सफाई में आरोपी लिपिक गौरव शर्मा का कहना है कि उन्होंने कोई रिश्वत नहीं ली है। उन्होंने बताया कि पौने तीन साल पहले तत्कालीन अपर जिलाधिकारी (फाइनेंस) रमेश चंद्र के समय में सरीला कस्बे के बंटी रावत की मां की तरफ से स्टांप का एक मामला निस्तारित हुआ था, जिसमें भारी जुर्माना किया गया था। इस मामले में आरसी भी जारी हुई थी। लिपिक ने बताया कि पौने तीन साल पहले उन्होंने पुश्तैनी मकान बनवाया था। उसी समय कलेक्ट्रेट ऑफिस में बैठकर ईंट भट्ठे और मजदूरों का हिसाब किया था। वही हिसाब-किताब करते समय यह वीडियो बनाया गया था, जिसे अब फंसाने के लिए साजिश के तहत वायरल किया गया है। उन्होंने कहा कि वह हर जांच के लिए तैयार हैं। यह भी बता दें कि एडीएम न्यायिक नागेंद्रनाथ यादव यहां कई साल तक तैनात रहे हैं, जो शासन के निर्देशों के विरुद्ध स्थानीय निकायों का काम लंबे समय तक देखते रहे। वह पिछले माह ही स्थानांतरण पर यहां से गए हैं।

# लेखपालों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 21 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन
- एरियर और क्रॉप कटिंग का भुगतान कराने की मांग


शनिवार को कलेक्ट्रेट में धरना देकर प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लेखपाल संघ ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शनिवार को तहसील सभागार में कलमबंद कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को सौपा।

शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद पटेल व महामंत्री डॉ.प्रदत्त कुमार के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि जनपद में कुल सृजित पदों 299 के सापेक्ष वर्तमान में लगभग-213 लेखपाल कार्यरत हैं, एक लेखपाल के पास मूल क्षेत्र के अतिरिक्त तीन से चार हल्कों का भू-लेख कार्य यथा रियल टाईम खतौनी, अंश निर्धारण, खसरा फीडिंग, क्रॉप कटिंग, कृषि गणना सहित विभिन्न कार्य भी संपादित किए जा रहे है।

स्वीकृत पदों के सापेक्ष आधे से भी कम लेखपाल होने व कार्य की अधिकता के बावजूद भी आम जनमानस से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं के निष्पादन में लेखपाल महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, किन्तु संवर्ग की सेवा सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण में लेखपाल संवर्ग उपेक्षा का शिकार होता है। जिससे संवर्ग में घोर असंतोष व्याप्त है। उन्होंने एरियर, क्रॉप कटिंग का मानदेय का भुगतान कराने, चकबन्दी प्रक्रिया के लगभग 45 वर्ष बीत जाने के बाद भी खतौनी में आज भी असंक्रमणीय दर्ज कागजात है, जिससे विभिन्न शिकायती प्रार्थना पत्र भूमिधर घोषित करने हेतु प्राप्त होते हैं।

अभियान के तहत समस्त तहसीलों में उक्त पट्टेदारों को भूमिधर घोषित कराने, कई ग्रामों के बंदोबस्ती नक्शा जीर्ण शीर्ण हो गये क्षेत्रों में लेखपालों को कार्य करते समय असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है ऐसी स्थिति में अभिलेखागार से दूसरी प्रति उपलब्ध कराने सहित 21 सूत्रीय मांग की है। इस दौरान महेंद्र कुमार, अशोक कुमार, दिलीप पाठक,अभिषेक गुप्ता,अरविन्द कुमार सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण की उठाई आवाज

संवाददाता, राठ


सड़क चौड़ीकरण शुरू कराने के लिए ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कराने की मांग उठाई।

व्यापारियों ने कहा कि नगर के मध्य से बिलराया-पनवाड़ी राज्य मार्ग का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण फरवरी माह में शुरू हुआ था लेकिन दो माह से सड़क चौड़ीकरण का कार्य बंद है। सड़क चौड़ीकरण 7 मीटर से 10 मीटर तक होना है। इसके अतिरिक्त फुटपाथ और नाला का भी निर्माण होना है। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से निर्माण के दायरे में आने वाले मकानों में लाल निशान भी लगा दिए गए थे। वर्तमान समय में उरई बस स्टैंड से डाकबंगला तक सड़क पर पूरे दिन जाम लगा रहता है। जाम के दौरान गंभीर बीमारी व सड़क हादसों में घायल व्यक्ति एंबुलेंस में घंटों फंसे रहते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी बजट की दुहाई देते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य नहीं करा रहे हैं। सती नगर उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि उरई बाईपास नहर पटरी पर विद्युत के खंभे लगे हैं, लेकिन तार नहीं हैं, जिससे वहां पर अंधेरा रहता है और सड़क हादसे भी होते रहते हैं। उन्होंने विद्युत खंभों में तार लगवाए जाने की भी मांग की है। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, पंकज सोनी, रहमत बेग, काशीप्रसाद गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता और प्रमोद बजाज के अलावा अन्य तमाम व्यापारी लोग मौजूद रहे।

# हाईवे पर ट्रकों की कतार बचने में पलट गया डंपर

संवाददाता, सुमेरपुर


हाईवे किनारे पलटा पड़ा डंपर।

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे की एक पटरी पर फैक्ट्री के ट्रकों की कतार से शुक्रवार रात फिर बड़ा हादसा होते बचा। कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा डंपर सामने आए तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में पटरी पर उतरकर पलट गया। इस घटना में चालक एवं हेल्पर को मामूली चोटे आई है।

नेशनल हाईवे-34 पर सीमेंट फैक्ट्री में माल लाने और ले जाने वाले ट्रक हाईवे पर खड़े होते हैं। शुक्रवार रात करीब 8 बजे दो दर्जन ट्रक हाईवे पर खड़े थे। एक ट्रक कबरई से गिट्टी लेकर कानपुर जा रहा था। कानपुर की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर से बचने के लिए गिट्टी लोड डंपर पटरी में उतरकर पलट गया। हादसे में कानपुर का चालक रमेश कुमार और हेल्पर राकेश मामूली रूप से घायल हो गए। चालक रमेश कुमार ने बताया कि हाईवे पर ट्रक खड़े होने से हादसा हुआ है। अफसर कई मर्तबा फैक्ट्री के बाहर खड़े ट्रकों का चालान कर चुके हैं। इसके बाद ट्रक चालक मनमानी पर उतारू हैं।

## सार-संक्षेप

### ज्ञानेश त्रिपाठी बने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक



**मौदहा।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र रहे ज्ञानेश त्रिपाठी भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में वैज्ञानिक बन गए हैं। प्रधानाचार्य भारत सिंह ने बताया कि ज्ञानेश की इस उपलब्धि में बड़े भाई प्रवेश त्रिपाठी का बड़ा योगदान है, जिन्होंने हर पल साथ दिया। अरतरा निवासी ज्ञानेश के पिता संतोष कुमार कृषक और मां गृहणी हैं। पिता का कहना है कि पुत्र की इस उपलब्धि पर गुरुजनों का योगदान रहा। बधाई देने वालों तांता लगा रहा।

### अपना दल (एस) के विधानसभा प्रभारी का राठ में स्वागत


विधानसभा प्रभारी का स्वागत करते पदाधिकारी।

**हमीरपुर।** अपना दल (एस) के राठ विधानसभा प्रभारी प्रमोद रैकवार का जिला महासचिव पूजा सोनी के आवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया और बूथ लेवल तक काम करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत ने मनोरमा सिंह, विशाल शर्मा, अजय अग्रवाल आदि लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। बैठक में महिला मंच की जिलाध्यक्ष अभिलाषा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सीमा राजपूत, कल्याण यादव, रूपेश ठाकुर, संदीप राय, अजय अग्रवाल, विशाल शर्मा, रोशनी मिश्रा, रामहेत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

**करें योग-रहें निरोग का गूंजा संदेश** | सूर्य नमस्कार के साथ आयोजित हुआ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, योगाभ्यास कराने के साथ बताए गए प्राणायाम के फायदे

# सेहत की बेहतरी को पुलिस लाइन में लगा योग प्रेमियों का जमघट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पुलिस लाइन परिसर में योगाभ्यास करते जिला स्तरीय अधिकारी। अमृत विचार


शंकरपुर पारा में योगा करतीं युवतियां।


कुरारा ब्लॉक कार्यालय परिसर में योग करते ब्लॉक प्रमुख व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुलिस लाइन परिसर में पूरे मनोयोग से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम एवं सेवायोजन उप्र के प्रमुख सचिव शनमुगा सुंदरम ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगाचार्य रानी बाथम व डॉ.बृजेश कश्यप, अमित कुमार बाथम ने सूर्य नमस्कार के साथ योगाभ्यास की शुरुआत कराई। वहीं योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी, कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। जनपद के समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पंचायत/नगरपालिका, ब्लाक मुख्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष चिकित्सालयों एवं समस्त ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने प्रतिभाग किया।वहीं मुख्यालय में गायत्री परिवार द्वारा संचालित श्री राम बाल संस्कार शाला हरि ॐ शिक्षा निकेतन रमेड़ी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री राम बाल संस्कार शाला में विभिन्न योग क्रियाएं डा.अरुणा शर्मा, गौरीश राजपाल, नीलम सचान, गोपाल कृष्ण गुप्ता के सामूहिक नेतृत्व में मास्टर ट्रेनर डॉ.ब्रजेश कश्यप द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित कर एक पृथ्वी -एक स्वास्थ्य थीम पर आधारित योग के संबंध में जानकारी दी गई।

उधर, कुरारा विकासखंड कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने योग से होने वाले फायदा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### शंकरपुर पारा में युवाओं में दिखा योग का उत्साह

**हमीरपुर।** जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया निर्देशन पर समर्थ इंडिया एवं बुंदेलखंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शंकरपुर पारा में योग शिविर आयोजित किया गया। स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान की किशोरियों और युवा मंडलों के युवाओं, युवतियों सहित महिलाओं ने भाग लिया। योग शिविर में योग गुरु शिक्षिका सुरभि, अन्नपूर्णा, तरंग लीडर खुशबू ने योगाभ्यास करवाया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत आयोजित योग शिविर में अनुलोम, विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार, पद्मासन, मयूर आसन सहित अन्य क्रिया करवाई। इस दौरान शिक्षक दया शंकर, बृजेश श्रीवास्तव, समर्थ इंडिया की कुमकुम, ललिता, रागिनी, पुष्पा, सरिता, मोहिनी, आकांक्षा, राखी, बृजेश श्रीवास्तव, कुमकुम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### निरोगी काया के लिए रोज करें योग और प्राणायाम

**राठ।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट,पतंजलि योग समिति ने रामलीला मैदान पर योग शिविर लगाया। यहां विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया के साथ महिलाओं, बच्चों व पुरुषों ने योग एवं प्राणायाम के गुर सीखे। योग शिक्षक शिवप्रकाश गुप्ता (दाऊ) ने प्राणायाम व आसन कराए। उन्होंने कहा कि योग से सभी रोग ठीक होते हैं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पैरालिसिस के साथ मानसिक रोग में विशेष लाभ मिलता है। कपालभाती प्राणायाम से पेट के रोग से छुटकारा मिलता है। जैसे किडनी, कब्ज, गैस, डायबिटीज आदि। यहां गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद राजपूत, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमर चंद्र अनुरागी, पूर्व कृषि निदेशक डा .धनपत सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी योगाभ्यास शिव प्रकाश गुप्ता , पतंजलि योग समिति के मूलचंद सैनी, शिवराम सोनी, कौशल किशोर मुखिया, रमेश सोनी, सुधीर गुप्ता युवा प्रभारी आदि ने कराया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, महेश सोनी, सुरेश खेवरिया, डॉ .विवेक नगायच, डॉ .हरिओम नगायच सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


राठ के रामलीला मैदान पर योग करते जनप्रतिनिधि और आम लोग। अमृत विचार

# एक घंटा योगाभ्यास के लिए अवश्य निकालें : राकेश कुमार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित हुआ। योग का मुख्य कार्यक्रम जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश राकेश कुमार राठौर और जिले के नोडल अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकरी, कर्मचारी, शिक्षकों पुलिस के ट्रेनिंग जवानों सहित बड़ी संख्या में आमजन मानस ने कामन योग प्रोटोकाल के अंतर्गत योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के लिए सुबह से ही लोग सफेद टीशर्ट पहनकर स्टेडियम पहुंच गए, जहां पर योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास में उमड़े जन समूह को अलग-अलग तरह के योग कराएं। योगाभ्यास से पूर्व जीजीआईसी महोबा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के बाद योग प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर, शिखा अरजरिया, सचिन गुप्ता, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सुशील गुप्ता, ब्रह्मकुमारी सुधा के नेतृत्व में मंत्री, नोडल अधिकारी, विधायक सदर राकेश गोस्वामी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चैरसिया सहित तमाम लोगों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रतिदिन 24 घंटे में एक घंटे का समय योगाभ्यास के लिए अवश्य निकालें, जिससे अस्पताल और दवाओं की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभ का अपना अनुभव भी बताया।


जिला स्टेडियम में योगा करते अधिकारी और नागरिक। अमृत विचार


विवेकानंद महाविद्यालय में योगा करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### योग करने से शरीर रहता स्वस्थ

**महोबा।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में योगाभ्यास किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आरिफ राईन ने भारतीय योग परम्परा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. संतोष शर्मा ने विभिन्न योगासनों की क्रिया विधि व योग करने से शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। प्रो. क्रांति देवी ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना और कल्याण के लिए भारतीय ऋषि मुनियों द्वारा प्रति पादित योग विज्ञान के विषय में अपने विचार रखे। वहीं प्रो. रामशरण यादव, प्रो. आकांक्षा सैनी, संदीप खरे, नफीस, प्रशांत कुमार शुक्ला ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अपने अपने विचार प्रकट किए।

### स्कूलों में किया गया योगाभ्यास

**जैतपुर।** कस्बे के सभी स्कूल, कॉलेजों और परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। जैतुपर के जीआईसी इंटर कॉलेज, बालिका इंटर कॉलेज, अटल ज्योति इंटर कॉलेज, सिद्ध गोपाल रिछारिया इंटर कॉलेज, प्राथमिक विपद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के मौके पर शिक्षकों ने संबोधित करते हुए कहा कि योग से मानसिक तनाव दूर रहता है। इस मौके पर जीजीआईसी सहित सभी इंटर कॉलेजों और परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को सिखाए योग के गुर

**महोबा।** साईं कालेज ऑफ एजुकेशन महोबा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग कार्यक्रम हुआ। संस्था के प्रबंधक संजय कुमार साहू व कालेज प्राचार्य ने प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद योगासनों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें अनुलोम विलोम भ्रामरी भस्त्रिका, कपाल भारती, ताड़ासन, वृक्षासन आति सूक्ष्म आसन व ध्यानयोग किए गए। प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि योग से मनुष्य निरोगी रहता है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी राकेश तिवारी, बीके साहू, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. मैराज खान, प्रदीप, आदर्श, लोकेश, राजेश, नीता मिश्रा, शशिकांत अग्रवाल, प्रवीण बाजपेयी आदि मौजूद रहे।


साईं कॉलेज में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


जैतपुर में योग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# आमने-सामने ट्रकों की भिड़ंत दोनों चालकों की चली गई जान

## कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना श्रीनगर के बरा नाला के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना श्रीनगर के बरा नाला के समीप दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ट्रक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रक में फंसे चालकों के शवों को क्रेन से बाहर निकलवाया। इसके बाद शिनाख्त कराई गई। दुर्घटना के कारण हाईवे में काफी देर तक आवागमन बाधित रहा, पुलिस ने ट्रकों को हटवाकर जाम खुलवाया।

मध्यप्रदेश के छतरपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम घटेरी निवासी तेज कुमार प्रजापति (32) पुत्र चुनबद्दी प्रजापति ललितपुर से ट्रक पर विस्फोटक सामग्री लेकर जा रहा था जबकि सामने से स्वामीपाल (40) पुत्र खुमना, निवासी दरगवां जिला छतरपुर आ रहा था। श्रीनगर थाना के बरा नाला के समीप शनिवार की सुबह ट्रकों की भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए और दोनों चालक अपने अपने ट्रक की केबिन में बुरी तरह फंस गए। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने संबन्धित थाना पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस टीम पहुंच गई दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए लोगों की मदद से ट्रक चालकों के शवों को बाहर निकाला गया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा, जिसे पुलिस द्वारा ट्रकों को सड़क किनारे कर खुलवाया गया। मृतक तेजप्रताप के ट्रक में लदे विस्फोटक सामग्री को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जाएगी।



सड़क किनारे क्षतिग्रस्त खड़ा ट्रक, अस्पताल परिसर में लगी भीड़। अमृत विचार

- क्रेन की मदद से ट्रक में फंसे शवों को निकाला गया
- एक ट्रक में थी विस्फोटक सामग्री, जांच में जुटी पुलिस

## कस्बे में बैंड बाजों के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**महोबा।** सिद्ध बाबा धाम अजनर परिसर में शनिवर को सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस महायज्ञ में श्रीमद भागवत कथा एवं रामलीला मंचन का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा।

कलश यात्रा का आरंभ हनुमान मंदिर बस स्टैंड परिसर अजनर से किया गया, जहां से कलश यात्रा गांव की गलियों से होती हुई सिद्ध बाबा धाम में पहुंच कर समाप्त हुई। इस यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहन कर और अपने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा के दौरान बीच बीच में ष्जय श्री रामष् के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। घोड़ों का नृत्य और सुराही सुरों की धुन के बीच भक्तों भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

इस अवसर पर यज्ञाचार्य अश्वनी मिश्रा, मुख्य यजमान फूलसिह यादव, अध्यक्ष हरी सिंह राजपूत एवं अन्य आयोजक लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# मस्तानी महल के सुंदरीकरण की खामियां देखकर भड़के मंत्री

संवाददाता, जैतपुर (महोबा)

**अमृत विचार।** 5.66 करोड़ की लागत से मस्तानी महल का सुंदरीकरण और पथवे निर्माण कराया जा रहा है। कार्य का निरीक्षण जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने किया तो भारी खामियां देख नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था को शीघ्र ही निर्माण कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। वहीं 15 दिन अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कस्बा जैतपुर के मस्तानी महल जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों में एक है मस्तानी महल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कार्यादायी संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कार्य कराया जा रहा है कार्य की गुणवत्ता देखने के लिए शनिवार को प्रभारी मंत्री ने स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की बेहद कमी देखी। पथवे जगह-जगह धंस गया है, पानी निकासी को डाले गए पाइप ऊंचे कर दिए गए। इससे रोड पर जल भराव की आशंका है। 35 लाख की लागत से बनाए गए शौचालय की लागत सुनकर मंत्री आवक रह गए। ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया की सोलर लाइट शेड्यूल रेट से चौगुनी कीमत पर खरीदा गया है। इस पर मंत्री ने शिकायतों पर कोई प्रक्रिया नहीं दी।

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल के परियोजना अधिकारी आर राठौर को 5 जुलाई तक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह को कार्य में हस्ताक्षर न करने के निर्देश दिए। डामरी का गुणवत्तापूर्ण न पाए जाने पर इसे ठीक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पर्यटक अधिकारी चित्रगुप्त एडीएम नमामि गंगे तहसीलदार कुलपहाड़ प्रमित सचान कार्यदाई संस्था के एपीएम शैलेंद्र सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल एमएलसी प्रतिनिधि सिंह रणविजय सिंह इसके बाद प्रभारी मंत्री ने मंडी परिसर में आयोजित भागवत कथा स्थल पर कथा व्यास का आशीर्वाद लिया।


मस्तानी महल का निरीक्षण करते राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर। अमृत विचार

**5.66** करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा कार्य

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर हाईवे में ग्राम सूपा के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। महोबा निवासी ब्रज किशोर 40 शनिवार को दिन में करीब 3 बजे बाइक से कुलपहाड़ से महोबा की तरफ आ रहा था, तभी सूपा गांव के पास हादसा हो गया।

# सीसीटीएनएस की रैंकिंग में महोबा पुलिस को प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाओं द्वारा मई 2025 के डाटा के अनुसार जिलों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएनएस रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है, साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने में सहयोग किये जाने के लिए प्रशंसा की गई है। इससे जिले के पुलिस अफसरों का मनोबल बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



एसपी प्रबल प्रताप सिंह प एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

- पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

### क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराधी से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में किस स्तर पर विवेचना कर रही है।

# बीडीओ के कार्यालय नहीं आने से गायब रहते सचिव

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय में स्थाई बीडीओ के न होने से अधिकांश सचिवों के कार्यालय में ताला लटका रहता है। अधिकारियों के कार्यालय न आने से जगह जगह सन्नाटा पसरा रहता है। प्रभारी बीडीओ सप्ताह में एक दो बार ही आते है, जिससे ग्रामीण ब्लाक कार्यालय के चक्कर लगाकर लौट जाते है।

खंड विकास अधिकारी संतराम का स्थानांतरण हो जाने से उनके स्थान पर किसी भी बीडीओ की नियुक्ति नहीं की गई, डीसी मनरेगा अशोक कुमार को खंड विकास अधिकारी का चार्ज दे दिया गया है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रभारी बीडीओ की कार्यालय में बैठने की कोई तिथि निर्धारित नहीं है। अधिकारी के आने की जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिल पाती है। उनके कार्यालय का भी ताला अक्सर बंद रहने से ग्राम विकास अधिकारियों ने भी बीडीओ कार्यालय आना बंद कर दिया। इक्का दुक्का सचिव भी कभी कभार दिखाई देते है।

विकास खंड जैतपुर में आठ ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती है। बीडीओ कार्यालय में साप्ताहिक बैठक बुधवार को निर्धारित है, लेकिन बैठक की तिथि पर भी खंड विकास अधिकारी के न आने से ग्राम पंचायत सचिव भी दूरभाष पर जानकारी करने के बाद यहां नहीं आते है। यहां आने वाले फरियादी भटकते रहते हैं।

**समाधान दिवस** जिलाधिकारी ने की सुनवाई, अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

# 64 शिकायतों में से 9 का मौके पर हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में किया गया। संपूर्ण समाधान के मौके पर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर महोबा तहसील से कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शिकायतें सुनकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। ऐसी शिकायतों को प्राथमिक्ता से निस्तारित कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए।

शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नहीं बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।


फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### चरखारी और कुलपहाड़ में तीन-तीन शिकायतें

शनिवार को तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर प्राप्त हुई 150 शिकायतों में से मात्र 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई 38 शिकायतों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# योग अपनाएं और स्वस्थ-सुखमय जीवन बिताएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल, कमिश्नर अजीत कुमार, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व अन्य।

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया गया। मुख्य कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग और जिला प्रभारी मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने लोगों से अपील की कि वे योग को अपनाएं और स्वस्थ और सुखमय जीवन बिताएं।

योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मंडलायुक्त अजीत कुमार, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, आरके सिंह पटेल, भैरो प्रसाद मिश्रा, चंद्रप्रकाश खरे आदि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग से ही व्यक्ति निरोग रह सकता है। मंडलायुक्त ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की धरोहर है। यह जीवन में नई ऊर्जा का प्रवाह करता है। पतंजलि योग समिति की मंजू केशरवानी, नरेंद्र नारायण चंद्रवंशी, राजधर ने लोगों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर योग से संबंधित प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### राजकीय संप्रेक्षण गृह में हुआ कार्यक्रम

राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने की। संजय कुमार ने सभी को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी वीर सिंह, संजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव अंजना पोरवाल, अर्चना श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, दिलीप कुमार, लवलेश यादव, रामहित, देवेंद्र कुमार रहे।

### तीर्थक्षेत्र में भी कार्यक्रम

दीनदयाल शोध संस्थान, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, ग्रामोदय विश्वविद्यालय, गायत्री शक्तिपीठ आदि के प्रतिनिधियों, साधु-संतों ने सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण, दीनदयाल परिसर में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम संयोजक मदन कुमार तिवारी ने योग की रूपरेखा बताई। प्रो. तुषारकांत शास्त्री ने योगाभ्यास कराया।

## शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है योग : एसडीएम

**राजापुर (चित्रकूट)।** तहसील प्रांगण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण के लिए फायदेमंद है। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर अध्यात्म का ज्ञान कराता है। क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने बताया कि योग मानव शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि नियमित अभ्यास करने से मानव निरोगी हो सकता है। योगाभ्यास में तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, प्रशिक्षक संजना निषाद, सतीश मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रदीप, दिनेश, रामसजीवन यादव, विमल पाल, कैलाश नाथ, पुष्पांजलि एडवोकेट, रवि कटियार, आनंद यादव, शंकर दयाल जायसवाल, राजेश केशरवानी, राकेश नामदेव आदि लोग मौजूद रहे। 21 सीकेटी12- तहसील परिसर में योगाभ्यास करने पहुंचे लोग।


सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय में योगाभ्यास करते लोग। फाइल फोटो

### बंदियों को कराया गया योगाभ्यास

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला कारागार रगौली के परिसर में बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, संतोष कुमार वर्मा जेलर, डा. विकास सिंह, डा. मनोज राजपूत जेल चिकित्सक, डिप्टी जेलर प्रमोद कन्नौजिया, अखिलेश कुमार पांडेय, बृजकिशोरी व अनिल कुमार सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विवि में कराया गया योग

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इस मौके पर विज्ञान भारती के प्रांत अध्यक्ष और पूर्व कुलपति प्रो. एसपी गौतम ने योग के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद सभागार में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। डा. ललित कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की पृष्ठभूमि बताई।

## एक नजर

### भतीजे की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** भतीजे की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसका पति पहले ही पकड़ा जा चुका है। गौरतलब है कि 18 जून को बूंदा देवी पत्नी गोरेलाल निवासी ओरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घनश्याम पुत्र कलकू और उसकी पत्नी चुनकिया ने कुल्हाडी मारकर उसके पुत्र रामचंद्र की हत्या कर दी। घनश्याम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रविवार को सह आरोपी चुनकिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### औद्यानिक विकास की योजना जिले में फिर शुरू

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास के तहत कलमी फलदार पौधों (अमरूद, आम, आंवला, नीबू वर्गीय फल, बेर, बेल एवं अनार आदि) का रोपण कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई अनूप कुमार शुक्ला ने जुआ खेलने के आरोप में दुर्गेश त्रिपाठी निवासी कोपा, रामऔतार और अनिल कुमार निवासी सुरौधा को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 240 रुपये और जामा तलाशी से 330 रुपये बरामद किए गए।

# परानू बाबा स्थल के पास सिलेंडरों में विस्फोट, आग से सामान जला

## मऊ थाना क्षेत्र की गढ़वा ग्राम पंचायत में है प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, जांच शुरू

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


आग से गरीब दुकानदारों का सामान हुआ राख। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मऊ थाना क्षेत्र की गढ़वा ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल परानू बाबा मंदिर के पास शुक्रवार रात एक हालनुमा गोदाम में एक के बाद एक कई सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। इससे भीषण आग लग गई। मंदिर के पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है।

बताया जाता है कि परानू बाबा मंदिर के पीछे एक हाल में आसपास के गुमटी दुकानदार अपने सिलेंडर और अन्य सामान रखते हैं। शुक्रवार रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां रखे सिलेंडरों में अचानक विस्फोट होने से आसपास का इलाका गूंज उठा। आग की लपटों के बीच हाल में रखे दुकानदारों के सिलिंडर फटने लगे। बीच जंगल में भयानक धमाकों की आवाज से गूंज उठी। आग से हाल की छत और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों ने तीन-चार सिलेंडरों के फटने की आवाज सुनी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित हैं। लगभग तीस दुकानदारों का सामान जलकर राख हो गया। मऊ उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने बताया कि मामले की जांच के लिए नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी को भेजा गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि आग के कारणों का पता नहीं चल सका है कि आग किन वजहों से लगी। दुकानदारों के सामान आग की चपेट में आए हैं। उधर, लोग आशंका जता रहे हैं कि आग की वजह शार्ट सर्किट हो सकती है।

### 35 लोगों का सामान जलकर हुआ राख

गढ़वा ग्राम प्रधान केसरी सिंह ने बताया आग से मुरली वाले बाबा जी द्वारा लगवाया गया कैमरा, एलसीडी, बैटरी सहित स्थानीय दुकानदार राजा सिंह, कामता सिंह, फूल सिंह, विनोद सिंह, रामनारायण सिंह, महीप सिंह, रामबाबू केसरवानी, मलखान सिंह, छोटू केसरवानी, कल्लू कोरी, रोहित यादव, विकास सिंह, लालजी हीरालाल, मोती गंजरी, छुट्टन रैदास, लाला चौधरी, संतोष, संदीप, राहुल, मोहित, विजय, ललित, राजकुमार, तुलाराम, राजू पासवान, मानसी, कलावती, सुशीला, सोनिया, गुड़िया, मुन्नी, संतर, मुन्नीलाल, झग्गी सहित लगभग 35 दुकानदारों का दुकान का सामान जलकर राख हो गए।


डॉ. मुकुल पांडेय।

## चिकित्सक बने मुकुल, लोगों ने दी बधाई

**रामनगर (चित्रकूट)।** छीबों निवासी विनोद पांडेय के बेटे मुकुल ने चिकित्सक बनकर परिवार का नाम रोशन किया है। मुकुल ने इस उपलब्धि को अपने बाबा स्व. माताबदल पांडेय को समर्पित किया। मुकुल ने वर्ष 2018 में राजकीय मेडिकल कालेज बस्ती में एमबीबीएस में दाखिला लिया था। उन्होने इसका श्रेय नाना सेवानिवृत्त डीएसपी उदयचंद तिवारी को दिया। मुकुल को सोनभद्र में तैनाती मिली है। डा. रविशंकर पांडेय, अनिल मिश्रा, मिथलेश पांडेय, संतोष पांडेय, उमाकांत त्रिपाठी, अर्जुन शुक्ला, गंगाधर मिश्रा, रामराज पांडेय, सिद्धार्थ पांडेय, हरी नारायण पांडेय, डा. सत्येंद्र प्रकाश शुक्ला, डा. राजेंद्र पांडेय आदि ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सार-संक्षेप

### लोगों की समस्याओं का तत्काल किया जाए निस्तारण

**चित्रकूट।** जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने शनिवार को कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों से कहा कि लोगों की समस्याओं का तत्काल निदान कराया जाए। किसी भी दिक्कत पर विभागाध्यक्ष जिलाधिकारी को बताकर निस्तारण कराएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कोई भी काम लंबित न रखें। ठीक से काम करें, जनता किसान परेशान न हों। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग के पांच बिंदुओं पर रैंकिंग की समीक्षा शासन स्तर पर की जाती है। इस पर मंत्री ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि प्रभारी मंत्री के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, जिपंअ अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य आदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजली समस्या पर जताया रोष

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** युवा समाजसेवी और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से बदहाल विद्युत व्यवस्था के संबंध में बात की। बताया कि मारकुंडी लाइन और चुरेह कशेरुआ लाइन में पिछले 72 घंटे से आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के बाद भी अधिकारी अनसुनी किए हैं। उन्होंने सवाल किया कि बारिश होते ही क्यों विद्युत व्यवस्था ठप हो जाती है। पेयजल से लेकर तमाम मुश्किलें ग्रामीणों के सामने आती हैं। इसके अलावा अनुज हनुमत ने अधिकारियों से चमरौंहा पुल निर्माण को लेकर हो रही देरी के संबंध पर रोष जताया। बताया कि पुल न बनने से बरसात में ग्रामीणों को दिक्कत होगी।

### सरकारी स्कूल में ही पढ़ाने की बाध्यता हो : विनय पाल

**चित्रकूट।** समाजसेवी और अधिवक्ता हाईकोर्ट विनय कुमार पाल ने परिषदीय स्कूलों को मर्ज करने की नीति पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सरकार का यह कदम शिक्षा की बेहतरी के खिलाफ होगा। जब विद्यालय नहीं होंगे तो शिक्षक नहीं होंगे, शिक्षक नहीं होंगे तो छात्र नहीं होंगे और छात्र नहीं होंगे तो शिक्षा नहीं होगी। जो जिस वर्ग का है उसे वर्ग में काम करने पर मजबूर करना सरकार की एक सोची समझी चाल है। आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस पिछड़ी और अनुसूचित जाति के लोगों को शिक्षित करने के खिलाफ है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे इसके खिलाफ आवाज उठाएं। साथ ही सरकार से इस पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। अधिवक्ता ने कहा कि सरकार को यह बंदिश लगानी चाहिए कि सरकारी विभाग के लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल ही में पढ़ाएं।

# रोडवेज स्टाप के लिए तीन जगह देखी जमीन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


ट्रैफिक चौराहे के पास अभी भी भटकते हैं यात्री। अमृत विचार

● फिलहाल नहीं हो सका कोई निर्णय, बंद किया जा चुका है अस्थायी बस अड्डा

**अमृत विचार।** कर्वी में ट्रैफिक चौराहे के पास अस्थायी बस अड्डे के समाप्त किए जाने के बाद रोडवेज विभाग और प्रशासन द्वारा दूसरी जगह पर बस स्टाप स्टेशन बनाए जाने की कवायद की जा रही है। इसी क्रम में बीते दिन दो सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ ईओ, नायब तहसीलदार और अन्य लोगों ने तीन स्थानों पर इसकी संभावनाएं तलाशीं। हालांकि फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।

सेवानिवृत्त कर्मचारी सुरेश चंद्र निगम ने बताया कि एसडीएम पूजा साहू ने इस संबंध में संभावित जगहों पर जमीन देखने के लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उप्र परिवहन चित्रकूट डिपो राजेश कुमार गुप्ता को निर्देशित किया था। इस पर वह और विभाग के एक अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी राजेंद्र कुमार सिंह को लेकर ईओ लालजी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह आदि के साथ गए थे। बताया कि इस दौरान तीन स्थानों पर यात्री स्टाप के लिए संभावित बस स्टैंड की जगह देखी गईं। हाईवे पर डेयरी के पास पटरी पर जगह देखी गई।

बताया कि वहां पर बसों को घुमाने की जगह न होने से में जाम लगने की संभावना ज्यादा है। राजापुर मार्ग पर मुख्यालय से लगभग तीन किमी दूरी पर रामवनगमन मार्ग की पटरी पर जगह को लेकर भी रोडवेजकर्मियों ने असंतोष जताया। निगम ने बताया कि अधिकारियों से इस स्थान को लेकर आपत्ति जताई गई। बताया गया कि यहां पर शहर से दूर होने की वजह से रात में परिवार के साथ आवागमन ठीक नहीं रहेगा और साथ ही बेड़ी पुलिया स्थित बस स्टेशन जाने के लिए रोडवेज को शटल बसें चलानी पड़ेंगी। इसी प्रकार एआरटीओ आफिस के सामने का स्थान भी सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं पाया गया। निगम ने बताया कि उन्होंने एआरएम को अपनी रिपोर्ट दे दी है। आगे प्रशासन और विभाग के निर्णय के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, ट्रैफिक चौराहे के पास अभी भी बसों के लिए भीषण गर्मी में यात्री पहुंच रहे हैं और जानकारी के अभाव में परेशान हो रहे हैं।

## पांच शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण

**राजापुर (चित्रकूट)।** तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन व क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह की मौजूदगी में हुए समाधान दिवस में 48 में पांच शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अन्य शिकायती पत्रों को राजस्व तथा थाना की टीमों के माध्यम से जांच कराने के बाद निस्तारण किया जाएगा। कहा शिकायतकर्ता तहसील दिवस व थाना दिवस के चक्कर न काटें तथा इन मामलों में हीलाहवाली व लापरवाही तथा भेदभाव बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई | दो लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट, पुल की स्लैब ढहने का मामला

# सहायक अभियंता ने ठेकेदार पर लगाया धमकाने का आरोप

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


इस तरह ढही थी पुल की स्लैब। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मऊ- परदवां मार्ग पर जमुनिहा बहरा (जम्हौरा) नाला की स्लैब ढहने के मामले में प्रभारी सहायक अभियंता निर्माण खंड एक, लोक निर्माण विभाग कर्वी श्यामलाल वर्मा ने ठेकेदार पर धमकाने का आरोप लगाया है। ठेकेदार पर अभियंताओं की बात की अनदेखी करने, लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए वर्मा ने ठेकेदार व एक अन्य व्यक्ति पर मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्यामलाल ने बताया कि नाले पर आरसीसी लघु सेतु का निर्माण ठेकेदार दलबीर सिंह निवासी ग्राम मनकुंवार द्वारा अनुबंध के तहत किया जा रहा है। पुल के आठ स्पान में से पहले स्पान की शटरिंग का काम चालू था। उन्होंने और अवर अभियंता सिंधुराज ने 12 जून को इस संबंध में निरीक्षण किया था। पाया था कि शटरिंग का काम ठीक नहीं है और यह कंक्रीट का भार सहने के लिए पर्याप्त नहीं है। ठेकेदार को इस संबंध में निर्देश भी दिए गए पर इसे दुरुस्त नहीं किया गया। बताया कि इसके बाद 17 जून को कंक्रीट लेईंग शुरू कर दी गई। 17 जून को अवर अभियंता महेश कुमार यादव वहां पहुंचे और काम रोकने को कहा। आरोप लगाया कि ठेकेदार नहीं माना और धमकी दी कि जो मैं कर रहा हूं, करने दो। बाद में प्रभारी सहायक अभियंता और जेई प्रबल प्रताप सिंह ने भी काम रोकने को कहा गया पर ठेकेदार ने अनसुना किया। बाद में शटरिंग का पाइप टूट गया और कंक्रीट नीचे आ गई। प्रभारी सहायक अभियंता की तहरीर पर थाने में ठेकेदार दलबीर सिंह के साथ शटरिंग लगाने वाले भीम सिंह निवासी झील का पुरवा बांदा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता धारा 125 (जीवन को खतरे में डालना) और धारा 351 (2) (धमकी देना) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बड़ी मछली को बचाने के लिए कार्रवाई !

स्लैब गिरने का मामला खूब वायरल हुआ। क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया कि इस तरह के निर्माण कार्यों में लापरवाही बिना बड़े अधिकारियों की मिलीभगत और मंशा से नहीं की जा सकती। कई लोगों ने तो यहां तक कहा कि बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में इस तरह के काम करने से हर कोई बचे। कुछ लोगों ने कहा कि जब ठेकेदार पर एफआईआर हुई है तो अभियंताओं पर क्यों नहीं।

### स्वतंत्र जांच हो, सख्त कार्रवाई हो : सांसद



सपा से सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने कहा कि मऊ क्षेत्र के अंतर्गत बरहा कोटरा और घुरेहटा के बीच नाले पर निर्माणाधीन लघु सेतु की स्लैब रात में रखे जाने के कुछ ही घंटों बाद गिर जाना पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह घटना प्रथमदृष्टया घटिया निर्माण सामग्री, तकनीकी लापरवाही एवं संभावित भ्रष्टाचार की ओर संकेत करती है। स्वतंत्र तकनीकी एवं वित्तीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा : विधायक



मानिकपुर से अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि उनकी शिकायत पर अगले दिन ही जांच टीम आई थी और सरिया आदि बदल दी गई थी। बीती रात डीएम के साथ निरीक्षण किया गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाया जाएगा। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।


## कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर सरहट, चित्रकूट

पत्रांक- 254 /न0पं0मा0/2025-26 दिनांक- 20 जून, 2025

**निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट जनपद-चित्रकूट में "राज्य वित्त आयोग / निकाय बोर्ड फण्ड मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट के विभिन्न वार्डो में इलेक्ट्रानिक पम्प कार्य की निविदा दिनांक - 20.06.2025 से 30.06.2025 दोपहर 02: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 30.06.2025 को अपरान्ह समय 04: 00 बजे उपस्थित ठेकेदारों / फर्मो के समक्ष नगर पंचायत मानिकपुर कार्यालय में खोली जायेगी । निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक- 20.06.2025 से 30.06.2025 को समय 01: 00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट में की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार/ फर्म निर्धारित शुल्क जमा कर निर्धारित अवधि के अन्दर निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं।

**निविदा की शर्ते :- ,**

नोट- निविदा की शर्ते तथा अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से कार्यदिवस में किसी भी समय प्राप्त की जा सकती है ।

**कार्य का विवरण**

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य G.S.T. सहित | धरोहर राशि ( 02 प्रति0) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत मानिकपुर सरहट सीमान्तर्गत समस्त वार्डो में लगे 09 अदद सोलर पम्प के स्थान पर इलेक्ट्रानिक समरसेबिल पम्प अधिष्ठापन का कार्य | 620205.00 | 1240.00 | 12410.00 | 45 दिन |

**अधिशाषी अधिकारी** **रानी , अध्यक्ष**

**नगर पंचायत मानिकपुर सरहट, चित्रकूट**

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई ।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

## सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता



है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27%



की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए



कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।



शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट

**लीड्स, एजेंसी**

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।


इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

## एक नजर

### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।


**विदाई :** श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका) :** भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी** : भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

## साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

**लीड्स, एजेंसी**



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।



सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

## महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) :** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग


ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

**पेरिस, एजेंसी**

● 88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा

● नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की



नीरज चोपड़ा।

सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



**एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

**न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी**

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।

वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था। वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों समेत कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे। इजराइल ने कहा कि कुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है। इजराइल ने यह भी कहा कि उसने कुद्स फोर्स की हथियार हस्तांतरण इकाई के कमांडर को भी मार दिया है, जो हिज्बुल्ला और हमास को हथियार मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि बेहनाम शाहरियारी की मौत पश्चिमी ईरान में यात्रा करते समय कार में हुई।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तैयारी** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स : एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्ट्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।